हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

12 मतदाता दिवस पर बीएलओ व नव मतदाताओं का हुआ सम्मान



13 सेजस में बच्चों को दिया करियर मार्गदर्शन





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ 14 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** गणतंत्र दिवस पर अवैध शराब बेचने वाले 12 पुरुष व दो महिला को पुलिस ने पकड़ा है। थाना कुम्हारी, भिलाई तीन,भिलाई नगर, अमलेश्वर, उतई से कुल 14 आरोपियों में डुण्डेरा, उतई निवासी शंभु अग्रवाल, इंदिरा नगर उतई प्रेमसुख, डुमरडीह, उतई किशोर कुमार, लिमतरा चन्द्रहास तिवारी, मीना तिवारी,गंगा प्रसाद ,रंजित शिवारे, सारथी मोहल्ला दुर्ग रवि सारथी, रविन्द्र चौधरी, भिलाई तीन दिनेश, राम प्रकाश, ममता भारती, रुआबांधा राजू यादव, भाटापारा अमलेश्वर दिनेश कुमार यादव को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 610 पौवा अवैध शराब जब्त किया गया है।

### शिक्षक के साथ हुई मारपीट

**भिलाई।** विवाद को लेकर समझाने गए शिक्षक के साथ मारपीट हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि जलेबी चौक कैंप 1 भिलाई निवासी शिक्षक संजय सिंह कुशवाहा तितुरडीह स्कूल में पदस्थ है। 25 जनवरी को अपने दोस्त पिंटू और अन्य लोगों के साथ ग्राम एम जामगांव में आयोजित छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इस दौरान कुछ युवक आपस में विवाद कर रहे थे, तभी संजय सिंह ने समझाकर शांत कराया। रात करीब 11 बजे कार्यक्रम से लौटने के बाद संजय सिंह अपने मित्रों के साथ सुपेला भिलाई स्थित लोहिया पेट्रोल पंप के पीछे संजय नगर मैदान में खड़े थे। तभी रोहित साहू उर्फ पदुम, अजय जोशी, शेखर निर्मलकर पहुंचे और शिक्षक को गाली गलौज कर मारपीट कर दिया। घटना में शिक्षक को गंभीर चोटें आई हैं।

### समारोह से बाइक और मकान से जेवरात पार

**भिलाई।** शादी समारोह में शामिल होने गए परिवार की बाइक अज्ञात ने पार कर दिया। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि सिविल कंस्ट्रक्शन काम करने वाले सुपरवाइजर आदम अली 25 जनवरी को अपने पहचान वाले के शादी में शामिल होने विवेकानंद भवन गए थे। उसने बाइक विवेकानंद भवन के गेट के पास सड़क किनारे बाइक खड़ा किया था। रात को जब लौटा तो बाइक गायब थी। दूसरी चोरी स्मृति नगर निवासी शिक्षक ऋषिकेश नायक के घर में हुई। जहां 24 जनवरी की शाम अपने घर में ताला जड़कर पंचमुखी हनुमान मंदिर दर्शन के बाद सेक्टर-10 चले गए थे। रात को जब घर लौटे तो मकान से 20 हजार का माल चोरी हो गया था।

## कहीं शासकीय भूमि में रास्ता, कहीं बाउंड्री को तोड़ हो रही अवैध प्लॉटिंग

# कलेक्टर के आदेश के बाद भी शहर में अवैध प्लॉटिंग जारी, निगम बच रहा कार्रवाई करने से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग कलेक्टर ने सभी निगम कमिश्नर को आदेश जारी किया है कि उनके क्षेत्र में सरकारी जमीन, तालाबों पर अतिक्रमण के साथ ही अवैध प्लॉटिंग पूरी तरह से बंद होना चाहिए, लेकिन भिलाई में कुछ भू-माफिया दबंगई के साथ अवैध प्लॉटिंग काट रहे हैं। सबसे अधिक अवैध प्लॉटिंग कुरुद और जामुल क्षेत्र में हो रही है। कुरुद में एक जगह पर तो अवैध प्लॉटिंग के लिए सरकारी जीमन से रास्ता निकालकर लेआउट काटा गया है। वहीं एक भू-माफिया ने अवैध प्लॉटिंग के लिए पहले से बसी कालोनी की बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया है। जब कालोनी के मालिक ने बाउंड्रीवाल को फिर से बनाने के लिए मजदूरों को भेजा तो उसे जान से मारने तक की धमकी दी गई। वहीं बिलासपुर से आए एक भू-माफिया ने निगम कमिश्नर के मना करने के बाद भी फिर से काली डस्ट डालकर सड़क और लेआउट काटना शुरू कर दिया है।




सरकारी जमीन के बीच से रास्ता निकलकर बनाया गया अवैध प्लाटिंग का मुख्य द्वार।

### सरकारी जमीन पर निकाल दिया रास्ता

कुरुद में मनसा कॉलेज के पास सीएम मेडिकल कॉलेज को जाने वाले रास्ते के पास काफी बड़ी सरकारी जमीन पड़ी है। यहां एक दो सामाजिक भवन बने हैं। इस जमीन से लगती लगभग 5-6 एकड़ की जमीन में अवैध प्लॉटिंग जारी है। भू-माफिया ने एक बड़े राजनेता से मिलकर पहले तो बगल से स्थित आस्था कालोनी में सरकारी मद से सीसी रोड बनवा डाली। उसके बाद सरकारी जमीन के बीच से रास्ता दिखाकर बड़े पैमाने पर अवैध प्लॉटिंग कर रहा है।

> अवैध प्लॉटिंग निगम क्षेत्र में पूरी तरह से बैन है। इसकी जांच के लिए टीम भेजी जाएगी और उसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
> **-राजीव कुमार पाण्डेय**, आयुक्त, नगर निगम भिलाई

### बाउंड्रीवाल को तोड़कर बना दिया रास्ता



कुरुद में नकटा तालाब से लगी महाबीर जैन, पारस जैन और आनंद जमीन की कई एकड़ जमीन है। यहां बड़ी संख्या में लोग अपना मकान बनाकर रह रहे हैं। लोगों की मांग पर पारस जैन ने पूरी कालोनी में बाउंड्रीवाल कराया था, जिससे असमाजिक तत्व और जानवरों का प्रवेश ना हो। इस बाउंड्रीवाल को तोड़कर वहां से रास्ता निकाल दिया और अब वहां अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। पारस जैन का कहना है कि उन्होंने बाउंड्रीवाल को दोबारा बनाने के लिए मजदूर भेजा तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी है।

### निगम के मना करने के बाद भी प्लॉटिंग जारी



कुरुद साईं मंदिर से गोकुल धाम को जाने वाली सड़क के किनारे एसीसी कालोनी से लगी 6-7 एकड़ जमीन में अवैध प्लॉटिंग की जा रही है। इससे पहले भी इस प्लॉटिंग को रोकने के लिए निगम की टीम मौके पर पहुंची थी। निगम की चेतावनी के बाद फिर से यहां अवैध प्लॉटिंग के लिए लेआउट काटना जारी है।

## मारपीट के बाद भाजयुमो कार्यकर्ता पहुंचे थाने, हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ हेलमेट वितरण व रैली के लिए हुए थे जमा

हेलमेट वितरण और बाइक रैली के लिए जमा हुए भाजयुमो के कार्यकर्ताओं के बीच कुछ स्टंट-बाज युवकों के पहुंचने के बाद विवाद निर्मित हो गई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेक्टर-6 स्थित लाल मैदान में ऐसी स्थिति बन गई।

रैली निकालने के लिए सेक्टर-6 के लाल मैदान में युवा जमा हो रहे थे। तभी सड़क सुरक्षा माह के तहत हेलमेट बांटते हुए बाइक रैली निकालने की तैयारी की जा रही थी। कुछ युवक वहां आकर स्टंट करने लगे। स्टंटबाजी की खबर लगते ही मौके पर पुलिस पहुंची। स्टंटबाजी में एक कार्यकर्ता को चोट भी आई। बाद में पुलिस कुछ युवकों को लेकर थाने पहुंची। युवकों को जब भिलाई नगर थाने लाया गया खबर लगते ही भाजयुमो के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में थाने में जमा हो गए। आशंका जताई गई कि मारपीट करने वाला व्यक्ति पुलिसकर्मी है, लेकिन बाद में पहचान कराए जाने पर स्पष्ट हुआ कि जुड़ा व्यक्ति पुलिस का जवान नहीं था। भाजयुमो की ओर से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाने में लिखित में शिकायत किया है। मामले में सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि आधा दर्जन स्टंट करने वाले युवकों की बाइक को जब्त किया गया।सूचना पर पुलिस ने पहुंची थी बाइक छोड़ युवक भाग निकले थे। भाजयुमो अध्यक्ष सौरभ जायसवाल ने बताया कि लाल मैदान सेक्टर 6 में कार्यकर्ता पहुंचे थे। मिस अंडरस्टैडिंग हो गया था बाद में सब क्लीयर हो गया।

## युवकों ने किया सेल्स मैनेजर पर हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पेप्सी कंपनी के सेल्स मैनेजर समेत चार युवकों के साथ जमकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि शास्त्री चौक कैम्प-1 निवासी रवि रंजन पेप्सी कंपनी का एरिया सेल्स मैनेजर के पद पर काम करता है। 25 जनवरी की रात भिलाई डिस्ट्रब्यूटर अंकित यादव के गोदाम में बैठे थे। साथ में दीपक शर्मा, अभिलाष पुरोहित, अमित गुप्ता, शिव कुमार साहू भी मौजूद था। सभी लोग कंपनी से जुड़े कामों पर चर्चा कर



रहे थे। कंपनी के गोदाम सुंदर नगर बाबा दीप सिंह नगर के पास ही सेलिब्रेशन प्वाइंट रिसार्ट में पार्टी चल रही थी। वहां युवक आपस में विवाद और गाली-गलौज करने लगे। तभी मैनेजर रवि रंजन साथियों के साथ गोदाम परिसर के बाहर की लाइट बंद कर दी। इसी बात को लेकर विवाद कर रहे युवक आक्रोशित हो गए। उन पर गाली-गलौज, मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट में पीड़ितों ने ऑफिस में घुसकर अपनी जान बचाई। हमले में सेल्स मैनेजर समेत 5 युवक घटना में घायल है। हमला करने वालों में मोनू, अभिषके समेत अन्य लोगों का नाम सामने आया है। हमला करने वाले आरोपी युवकों ने ईंट-पत्थर, लाठी, डंडा से किया। बताया जा रहा है कि जब जान बचाने पीड़ित ऑफिस में घुसे तो आरोपियों ने दरवाजा तोड़ने का भी प्रयास किया। इसके बाद बाहर खड़ी बोलेरो पिकअप का शीशा तोड़ दिया। घायलों में रवि रंजन, अंकित गुप्ता, दीपक शर्मा और अभिलाष पुरोहित है। घटना को अंजाम देने वालों को पुलिस नहीं पकड़ पाई है।

## खाता को किराए पर दिया, 8.12 लाख का ट्रांजेक्शन, अपराध दर्ज

**भिलाई।** बैंक खाते को किराए पर देने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने साइबर ठगी का अपराध दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से जानकारी मिली कि खाते में साइबर ठगों ने 8.12 लाख रुपए मंगाए हैं। जेना स्माल फाइनेंस बैंक सुपेला शाखा में सोनिया गांधी नगर जोन 1 सेक्टर-11 खुर्सीपार निवासी गोपी राम देवांगन ने खाता खुलवाया था। जांच में सामने आया कि गोपीराम जानता था कि खाता साइबर ऑनलाइन ठगी में उपयोग होगा। बावजूद अपने बैंक खाते को म्यूल खाते के रूप में इस्तेमाल होने दिया। 26 दिसंबर 2024 को आरोपी के खाते में ऑनलाइन ठगी के माध्यम से 8.12 लाख 253 रुपए की राशि जमा हुई थी। सुपेला पुलिस ने आरोपी गोपी राम देवांगन के खिलाफ लेन-देन, डिजिटल साक्ष्य और अन्य संबंधित लिंक की जांच कर रही है। जिससे साइबर ठगी से जुड़े अन्य आरोपियों तक भी पहुंचा जा सके।

## अमानत में खयानत दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अमानत में खयानत मामले में फरार दो फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हीरापुर मकान नंबर 1083 कबीर नगर रायपुर निवासी स्क्रैप वाला सुरेंद्र यादव और फैक्ट्री मालिक हाउसिंग बोर्ड हाल ही में ओम साईं इंडस्ट्रीज भिलाई निवासी दिनेश कुमार अग्रवाल को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने एचबी वाइडिंग वायर 12 टन 6 लाख 56 हजार 699 बिक्री से मिले रकम 8 हजार जब्त किया गया। बरामद समानों की कीमत 27 लाख रुपए आंकी गई है।




### टेस्टिंग व सर्वे का कार्य पूरा

# पाउवारा रेलवे क्रांसिंग पर बनेगा ओवरब्रिज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पाउवारा रेलवे क्रांसिग पर भी जल्द ही ओवरब्रिज का निर्माण होगा। इसके लिए टेस्टिंग व सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। ओवरब्रिज बनने से यहां पर लगने वाले लंबा जाम से मुक्ति मिलेगी। मरोदा, उतई, रिसाली से सीधे अंडा - बालोद मार्ग के लिए कनेक्टिविटी भी मिलेगी।

**इस तरह होगा लोगों को फायदा**

### सहायक उद्योगों के लिए सीधे वाहन सुविधा

पाउवारा रेलवे क्रासिंग अंडा-बालोद मार्ग से जुड़ा हुआ है। वर्तमान में इस मार्ग का इस्तेमाल बीएसपी के सहायक उद्योगों के माल सप्लाई करने के लिए भी किया जा रहा है। दल्लीराजहरा माइंस, महामाया माइंस की तरफ से भी भारी वाहन मुख्य सड़क मार्ग से नहीं ब्लकि भीतरी सड़क मार्ग का उपयोग कर चलाए जा रहे हैं। जिसकी वजह से इस सड़क मार्ग पर भारी वाहनों का रेलम-पेल है। हालात ऐसे हैं कि कभी भी दुघर्टना घट सकती है। ग्रामीणों ने इस मार्ग से भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग भी कई बार ही है लेकिन हालात जस के तस हैं। रेलवे ओवर ब्रिज यहां बनने से इन वाहनों का परिवहन सुविधा बढ़ जाएगी।

### दो दर्जन गांव होंगे शहर से कनेक्ट

पाउवारा रेलवे क्रासिंग से करीब दो दर्जन गांव के लोग गुजरते हैं। पाटन , पतोरा, सेलूद, उतई, जंजगिरी, उमरपोटी, पुरई, खम्हरिया, रिसाली, मरोदा, चंद्रनगर, लोकनगर, न्यू नेहरूनगर आदि स्थानों के लोग इस मार्ग से गुजरते हैं। लोग यहां से सीधे शार्ट कट तरीके से अंडा होते हुए बालोद आते-जाते हैं। भिलाई शहर के लोग भी बालोद जाने के लिए इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की शहर से कनेक्टिविटी सीधे मिल जाएगी। वर्तमान में रेलवे क्रासिंग बंद होने पर लोगों को यहां पर घंटों इंतजार करना पड़ता है। ओवरब्रिज से सीधे दुर्ग की तरफ भी लोगों की आवाजाही हो पाएगी।

पाउवारा रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण करने के लिए भूमि टेस्टिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। जिसकी रिपोर्ट भी ओके हो गई है। इसके अलावा ओवरब्रिज बनने से रेलवे क्रासिंग के दोनों तरफ स्थित जमीन का सर्वे कार्य भी पूरा हो चुका है। सर्वे के हिसाब से क्रासिंग के दोनों तरफ कुछ मकान और दुकानें भी आ रही है। जिसे हटाने की जरूरत पड़ेगी। इन दुकानों व मकानों का चिहांकन कार्य भी हो चुका है ताकि शासन-प्रशासन द्वारा उचित मुआवजा प्रभावितों को दिया जा सके।

**खबर संक्षेप**

### निर्वाचन संबंधी कार्यों में योगदान के लिए दुर्ग जिले को मिला सम्मान

दुर्ग। राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2026 के अवसर पर रायपुर में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता एवं निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों को सम्मानित किया गया। इस क्रम में राज्य के दुर्ग जिले का चयन प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण श्रेणी के अंतर्गत राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह सम्मान दुर्ग जिले को निर्वाचन संबंधी कार्यों में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि महाविद्यालय परिसर, रायपुर स्थित विवेकानंद सभागार में किया गया, जिसमें दुर्ग जिले की ओर से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने सम्मान ग्रहण किया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में आधार पंजीयन शिविर शुरू

दुर्ग। जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग के अपंजीकृत बच्चों के लिए आधार पंजीयन शिविर मंगलवार 27 जनवरी से प्रारंभ कर दिए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जाम्बुलकर ने बताया कि प्रथम चरण में दुर्ग शहरी, भिलाई-01 एवं भिलाई-02 के परियोजना से उक्त शिविर प्रारंभ किया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्रों में नवीन आधार पंजीयन हेतु जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी के सहयोग से किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के अभिभावकों से अपील की गई है कि वे आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित होकर बच्चों का आधार पंजीयन कराएं। 17 स्थानों पर शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 267 नया आधार पंजीयन और 60 आधार अपेडट किया गया।

### महापौर, आयुक्त ने सौंपे अनुकम्पा नियुक्ति पत्र

दुर्ग। बसंती पंचमी पर नगर निगम महापौर अलका बाघमार एवं सभापति श्याम शर्मा ने निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने माँ सरस्वती से सभी के जीवन में ज्ञान, विवेक, सुख-समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस क्रम में मोतीलाल सभागार में अनुकम्पा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा द्वारा दिवंगत शासकीय सेवक के आश्रित परिवारों के 15 पात्र सदस्यों को अनुकम्पा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम परिवार अपने कर्मचारियों और उनके आश्रितों के साथ हर परिस्थिति में मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि सेवा के दौरान एवं सेवा उपरांत कर्मचारियों व उनके परिवारों की चिंता करना निगम की नैतिक जिम्मेदारी है। अनुकम्पा नियुक्ति न केवल आर्थिक संबल प्रदान करती है, बल्कि आश्रित परिवारों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर भी देती है।

# टीम भावना के लिए महिला व पुरुष प्राध्यापकों के बीच रस्साकसी खेल

**प्रतियोगिता का उद्देश्य शारीरिक फिटनेस एवं अनुशासन, टीम भावना एवं खेल भावना रही**







हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक फिटनेस एवं अनुशासन, टीम भावना एवं खेल भावना का विकास करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह परिहार द्वारा हनुमान जी चलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह एवं क्रीडा अधिकारी लक्ष्मेन्द्र कुलदीप एवं प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, अतिथि प्राध्यापक एवं महाविद्यालय के कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। प्रतियोगिता के अंतर्गत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, गोला फेंक, तवा फेंक, लंबी कूद, उंची कूद एवं महिला प्राध्यापकों एवं पुरूष प्राध्यापकों की रस्सा कसी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को मैडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

**सख्ती : कलेक्टर ने ली अधिकारियों की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक**

# बगैर लायसेंस संचालित हास्पिटलों पर होगी कार्रवाई, बायोमैट्रिक से उपस्थिति अनिवार्य

**ई-ऑफिस प्रक्रिया तहसील एवं जप स्तरीय कार्यालयों में शुरू कराने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि सभी ईआरओ एसआईआर के अंतर्गत लंबित नोटिस जनरेट कर सुनवाई की कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विधानसभावार नोटिस की कार्यवाही लंबित है। निर्धारित अवधि को ध्यान में रखते हुए, इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जिला कार्यालयों के अलावा अब अनुविभाग, तहसील एवं विकासखण्ड स्तर के कार्यालयों में भी ई-ऑफिस की प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। इस संबंध में सभी जिला कार्यालय प्रमुख अधीनस्थ कार्यालयों से संबंधित डेटा एनआईसी को शीघ्र उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने बायोमेट्रिक उपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए प्रारंभ तिथि से अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति पत्रक बनाने तथा अनुपस्थित अधिकारियों कर्मचारियों को नोटिस देने की कार्यवाही करने जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री सिंह जिला अधिकारियों की समय-सीमा बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लाइवलीहुड कॉलेज निर्माण हेतु अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि भूमि आबंटन के संबंध में संबंधित विभाग शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदाय करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एडीएम अभिषेक अग्रवाल, डीएफओ दीपेश कपिल, जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह एवं योगिता देवांगन, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त दशरथ राजपूत, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी एवं सिल्ली थॉमस, सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।





### मनोरोगी हास्पिटल की ली जानकारी

जिला मुख्यालय में मनोरोगी हॉस्पिटल की जानकारी लेते हुए निर्माण स्थल पर अवस्थित पूर्व भवन की डिस्मेंटल कार्य सीजीएमएससी द्वारा शीघ्र कराई जाए ताकि हास्पिटल निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सके। उन्होंने बगैर लायसेंस प्राप्त अस्पताल चलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करने सीएसएचओ को निर्देशित किया। साथ ही सिकल सेल जांच हेतु चिन्हांकन और वय वंदना योजना अंतर्गत प्रगति लाने के निर्देश भी दिए।

### प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से कराया अवगत

कलेक्टर ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के द्वितीय चरण अंतर्गत खाद्य विभाग को प्राप्त आवेदनों का संबंधित नगरीय निकायों एवं जनपदों के माध्यम से सत्यापन कराया जाना है। इस हेतु नगरीय निकायों एवं जनपदों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आवेदकों के लिए निर्धारित पात्रता के अनुसार रेंडम सत्यापन कराना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में श्रम विभाग के पदाधिकारी द्वारा श्रमिक पेंशन योजना की जानकारी दी गई।

### आंगनबाड़ी में आधार पंजीयन की ली जानकारी

कलेक्टर श्री सिंह ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रारंभ आधार पंजीयन की जानकारी ली। उन्होंने बाल विकास परियोजना वार जानकारी प्रस्तुत करने ईडीएम को निर्देशित किया। कलेक्टर ने अनुसुचित जाति विकास प्राधिकरण अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की जानकारी ली। साथ ही निर्माण कार्य एजेंसी विभागों को कार्यपूर्णता के संबंध में यूसी/सीसी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# मतदाता दिवस पर बीएलओ व नव मतदाताओं का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में किया गया। कार्यक्रम में संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में मौजूद विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई।

- संभागायुक्त श्री राठौर ने दिलाई मतदाता शपथ

कार्यक्रम के दौरान नवीन मतदाताओं द्वारा अधिकारियों को प्रतीकात्मक रूप से बैच लगाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संभागायुक्त श्री राठौर ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य देश में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाकर लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करे। एक-एक वोट देश की दिशा तय करता है, इसलिए जागरूक होकर ऐसे प्रतिनिधियों का चयन करें जो देश को विकास और प्रगति के पथ पर ले जाएं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जा रहा है तथा पात्र मतदाताओं को सूची में जोड़ा जा रहा है। जिन नागरिकों का नाम मतदाता सूची में नहीं है, वे फार्म-6 के माध्यम से ऑफलाइन या ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही युवाओं से कहा कि वे स्वयं के साथ-साथ अपने मित्रों और पड़ोसियों को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी बीएलओ को बधाई दी।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ने एसआईआर 2026 के दौरान शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण करने वाले बीएलओ की सराहना की। एसआईआर 2026 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के 18 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से चयनित तीन-तीन बीएलओ को प्रशस्ति पत्र एवं 5000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरुकता, स्वास्थ्य जांच व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंतर्गत शासकीय चन्द्रशेखर आज़ाद हायर सेकेंडरी स्कूल, पंचशील नगर दुर्ग में जिला स्तरीय कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कार्यक्रम

महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके जाम्बुलकर एवं जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव तथा विशिष्ट अतिथि महापौर अलका बाघमार रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए समाज में बालिकाओं के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के लिए चम्मच बॉल, कुर्सी दौड़, बलून फुलाना जैसी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। साथ ही थीम आधारित निबंध, पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शाला में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की कड़ी में साइबर एक्सपर्ट आरिफ़ ख़ान द्वारा बच्चों एवं उपस्थित अभिभावकों को साइबर क्राइम की जानकारी दी गई तथा इससे बचाव के उपायों पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बच्चों, किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आयरन, फोलिक एसिड एवं कैल्शियम की टेबलेट्स वितरित की गईं। साथ ही एनीमिया के लक्षण, कारण एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गई। पश्चात बच्चों द्वारा तैयार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं एवं बाल विवाह विषय पर आधारित नाटक का मंचन किया गया।

# जिले में 54 आजीविका डबरी निर्माण का लक्ष्य निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



स्वीकृत डबरी निर्माण कार्यों का शुभारंभ ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया।

ग्रामीण क्षेत्रों में हितग्राहियों की आय बढ़ाने तथा स्थायी आजीविका के साधनों को सुदृढ़ करने की दिशा में जिले में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए जिले में 54 आजीविका डबरी निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह योजना विभिन्न विभागों के कन्वर्जेन्स के माध्यम से संचालित की जा रही है, जिससे ग्रामीण परिवारों को बहुआयामी लाभ प्राप्त होंगे।

जिले में 54 आजीविका डबरी के निर्माण से बड़ी संख्या में ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा, ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी तथा जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत डबरी निर्माण कार्यों का शुभारंभ ग्राम पंचायत स्तर पर किया गया। इस अवसर पर स्व-सहायता समूहों की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सेटेलाइट डेटा के आधार पर तय किया गया लक्ष्य

यह लक्ष्य जीआईएस बेस्ड प्लानिंग के तहत सेटेलाइट डेटा के आधार पर तय किया गया है, जिससे डबरी निर्माण के उपयुक्त स्थलों का वैज्ञानिक चयन सुनिश्चित किया जा सके। आजीविका डबरी के निर्माण से वर्षा जल संचयन, भू-जल रिचार्ज तथा खेतों की सिंचाई व्यवस्था सुदृढ़ होगी। इससे खरीफ एवं रबी दोनों फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी। साथ ही पशुपालन एवं मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों के माध्यम से किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर भी प्राप्त होंगे। स्व-सहायता समूहों की दीदियों के लिए यह योजना विशेष रूप से लाभकारी है। आजीविका डबरी निर्माण से खेती-किसानी से जुड़े कार्यों में सहभागिता बढ़ेगी तथा आजीविका सुरक्षा और अधिक मजबूत होगी। अधिनियम के अंतर्गत किए जाने वाले सभी कार्य राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना का हिस्सा होंगे, जिनमें जल सुरक्षा, मूलभूत ढांचा तथा आजीविका आधारित गतिविधियाँ शामिल हैं।

**गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया सम्मान**

# उत्कृष्ट सेवाओं के लिए विभागीय अफसर-कर्मचारी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने उन्हें सम्मानित किया। प्रशासनिक और पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों की कर्तव्यपरायणता और सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों को सराहा गया। प्रशासनिक स्तर पर दुर्ग संभाग आयुक्त कार्यालय से शेष नारायण साहू सहायक ग्रेड-03 को ई.ऑफिस और आधार बायोमेट्रिक प्रणाली में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कलेक्टर कार्यालय से दीपेन्द्र बघेल सत्कार लिपिक रीतु राजपूत सहायक ग्रेड-2, ईश्वर राव भृत्य और यज्ञदत्त देशमुख सहायक ग्रेड-2 ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन किया। निर्वाचन कार्यों में विशेष योगदान के लिए नागेश्वर साहू भृत्य, खोमेन्द्र कुमार हरदेल भृत्य, प्रफुल्ल कुमार गुप्ता तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, आरके बोरकर राजस्व अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को सम्मानित किया गया। जिला पंचायत दुर्ग से वेदप्रकाश देवांगन जिला समन्वयक ग्रामीण विकास के क्षेत्र में मनीष कुमार सहायक ग्रेड-3, आनंद गंधर्व डाटा एन्ट्री ऑपरेटर अफसाना बानो सहायक ग्रेड-3 और एकता स्व सहायता समूह उपरपोटी को बर्तन बैंक के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य हेतु सराहा गया।

स्वास्थ्य और सुरक्षा के मोर्चे परए डॉ. ज्योति ध्रुवे चिकित्सा अधिकारी, जितेन्द्र साहू फार्मासिस्ट को राजस्व विभाग से, नारद दास ग्राम कोटवार, शामेल राजू भृत्य, शिवचरण मरकाम डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, कृष्ण कुमार कुलदीप प्रस्तुतकार ग्रेड-2 सत्येन्द्र कन्नौजे राजस्व निरीक्षक और कमलेश कुमार ताम्रकार सहायक ग्रेड-2 ने कानून-व्यवस्था और भू-अर्जन कार्यों में तत्परता दिखाई। आदिवासी विकास विभाग के लव कुमार वर्मा छात्रावास अधीक्षक और हेमन्त कुमार देवांगन डाटा एन्ट्री ऑपरेटर को कार्यालयीन सहयोग के लिए पुरस्कृत किया गया। शिक्षा और खेल जगत में तनवीर अकील जिला क्रीडा अधिकारी ने युवा संसद खेल और विपीन गनवीर सहायक ग्रेड-2 को स्काउट गाइड जम्बूरी के सफल प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हरिश देवांगन को सम्मानित किया गया।

### पुलिस विभाग में इनका सम्मान

पुलिस विभाग में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल की अनुशंसा पर अनेक अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इनमें थाना सुपेला के निरीक्षक विजय यादव को अपराध निराकरण, थाना पुरानी भिलाई के निरीक्षक अम्बर भारद्वाज को साहस दिखाने, नंदिनी नगर के सउनि हेमलता वर्मा को विवेचना डीसीआरबी शाखा के सउनि विजय देशमुख को नार्कोटिक्स नष्टीकरण और यातायात में सउनि सुशील पाण्डेय को यातायात प्रबंधन हेतु, आर रामसिंह साहू 1740 और आर 1315 विजय शर्मा को भी सराहा गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय दुर्ग से सउनि अ आकाश राजपूत को ई-ऑफिस, प्रआर 1619 विजेन्द्र सिंह को ऑपरेशन मुस्कान प्रआर 81 जावेद खान, सुपेला के आरक्षक 345 सूर्याप्रताप सिंह को भी समानित किया गया। साथ ही मआर 1014 श्वेता ठाकुर, आर 1532 पुष्कर दीवान, आर 126 संतोष राय, आर 328 दिनेश विश्वकर्मा, को सम्मान मिला। डायल 122 से 320 हसन अली, आर 1498 दीपक मानिकपुरी को, मआर 450 मनीषा कुमारी और महिला काउंसलर अंजना श्रीवास्तव और अजय कल्याणी को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कृत किया गया। उप निरीक्षक राजकुमार प्रधान, आर 1686 जितेन्द्र साव, आर 1331 मुनेश्वर देशमुख और आर 895 अभिषेक यादव, आर 929 गिरधर दास मानिकपुरी और आर 83 विक्रम सिंह राजपूत को भी उनकी लगन व मेहनत के लिए सम्मानित किया गया।

# अनुसंधान एवं नवाचार आज राष्ट्र की रीढ़ है : डॉ. अजय कुमार



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में 77वें गणतंत्र दिवस पर ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज जब भारत विकसित भारत 2047 की ओर अग्रसर है तब युवा की भूमिका निर्णायक है । स्टार्टअप, अनुसंधान, हरित ऊर्जा, डिजिटल तकनीकी, ग्रामीण विकास आदि प्रत्येक क्षेत्र में युवाओं के योगदान से ही राष्ट्र सशक्त बनेगा।

वंदेमातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि यह केवल एक गीत नही बल्कि भारतमाता के प्रति समर्पण, त्याग और राष्ट्र भक्ति का अमर घोष है। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी इकाई के प्रभारी लेफ्टिनेंट प्रशांत दुबे ने की।

## खबर संक्षेप

### रक्तदान कर दिया मानव सेवा का संदेश

**पाटन/ सेलूद।** जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कुर्मी समाज के सामाजिक



अधिवेशन के अवसर पर आयोजित शिविर में रक्तदान कर समाज को मानव सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। उनके इस प्रेरणादायी कदम की कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सराहना की। इस अवसर पर श्रीमती कीर्ति नायक ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे किसी ज़रूरतमंद का जीवन बचाया जा सकता है।

### बच्चों को दिए जूते-मोजे



**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक शाला डिघारी में बसंत पंचमी उत्सव में बच्चों के बीच खीर पूरी वितरित की गई। इस अवसर पर डिघारी के स्कूली बच्चों को स्वर्गीय संदीप वर्मा की स्मृति में पिता छबिलाल वर्मा और भाई अथर्व वर्मा ने 33 बच्चो को नये जूते-मोज़े दिये। आयोजन में ज्येष्ठ नागरिक संघ दुर्ग के अध्यक्ष देव मांडरिक ,सरपंच प्रियालता महिपाल, उपसरपंच भूपेश निर्मलकर, प्रधानपाठक डोमन सिंह वर्मा, शिक्षिका संध्या ठाकुर, ज्येष्ठ नागरिक संघ के आनंद डोनगांवकर, छबिलाल वर्मा , मीना यादव, सुखदेव यादव, प्रहलाद सारथे, गणेश देशमुख, टेकराम चन्द्राकर और राजकुमारी यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### बसंत पंचमी मनाई

**भिलाई।** बालाजी विद्यापीठ स्कूल सांकरा मे बसंत पंचमी के अवसर पर प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें युवा सरपंच रवि सिंगौर प्रमुख रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामशरण बंधे उपसरपंच, तुलराम सिंगौर पंच, कामता सिंगौर, नागेश सिंगौर, मनीष सिंगौर, सहित सभी पालकगण व ग्रामवासी जन मौजूद रहे।

### विकास खंड स्तरीय आदर्श साक्षरता केंद्र का शुभारंभ

**हिर्री।** संकुल केंद्र हिर्री के प्राथमिक शाला प्रांगण में विकास खंड स्तरीय आदर्श साक्षरता केंद्र की स्थापना का शुभारंभ जिला शिक्षा कार्यालय में पदस्थ ए.पी.सी. श्री रामटेके ने किया। अध्यक्षता सेजस प्राचार्य हिर्री श्रीमती सीमा रानी साहू ने की। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक दिनेश साहू, प्रधान पाठक मिडिल स्कूल हिर्री डॉ. वर्षा हरिहरनो, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला हिर्री त्रिवेणी साहू, सरपंच हिर्री योगेंद्र साहू, मनोज कुमार साहू (शिक्षक), एम. आर. मंडारे, श्रीमती एल. बीना नायर, दशरथ साहू, गंगा प्रसाद साहू, ग्राम पंचायत के समस्त पंचगण, शिक्षक स्टाफ हिर्री एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। साक्षरता केंद्र प्रभारी नंदनी देशमुख के नेतृत्व में कार्यक्रम का संचालन किया गया।

### सद्गुरु कबीर संत समागम एवं ज्ञान यज्ञ 30 से

**दुर्ग।** त्रि-दिवसीय सद्गुरु कबीर संत समागम एवं ज्ञान यज्ञ का आयोजन 30 जनवरी से 1 फरवरी तक बजरंग चौक, बोरसी, वार्ड क्रमांक-52 दुर्ग में होगा। जिसमें आचार्य श्रवण साहेब प्रतिदिन प्रवचन देंगे। समापन दिवस पर 1 फरवरी को सात्विक यज्ञ, चौका एवं आरती कार्यक्रम होगा। सद्गुरु कबीर सत्संग समिति, कबीर पंथी समाज तथा वार्ड क्रमांक 50, 51 एवं 52, बोरसी के समस्त वार्डवासियों के सहयोग से आयोजन हो रहा है।

## निधन

### दशरथ लाल ताम्रकार

**धमधा।** नई दिल्ली आकाशवाणी



कार्यालय में पदस्थ रहे स्थानीय निवासी दशरथ लाल ताम्रकार (88) पिता स्वर्गीय गांधी प्रसाद ताम्रकार का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तमेर पारा मुक्तिधाम में किया गया। वे महेंद्र ताम्रकार जितेंद्र ( जितू) ताम्रकार और ज्ञानेद्र (छोटू) के पिता थे। वे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## गणतंत्र दिवस पर शासकीय संस्थानों आैर निजी स्तर पर हुए कार्यक्रम

# ग्रामीण अंचल में जगह-जगह ध्वजारोहण, किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति मर्यादित पाटन में प्राधिकृत अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ने राष्ट्रध्वज फहराया । इस अवसर पर पाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष रानी केशव बंछोर, प्रभारी प्रबंधक चन्द्रशेखर कश्यप, शाखा प्रबंधक एन.के. साहू, पर्यवेक्षक सुकालू राम वर्मा सहित समिति के कर्मचारी रोहित यादव, पुरेंद्र यादव, युवराज यादव उपस्थित रहे।

सेवा सहकारी मर्यादित सोरम में समिति के अध्यक्ष बलभद्र सिंह वर्मा ने राष्ट्रध्वज फहराया। इस अवसर पर समिति प्रबंधक प्रणय चंद्राकार, सहायक प्रबंधक पदुम विनायक, लिपिक राजेश वर्मा सहित कमलेश वर्मा, नरेंद्र यादव, जितेंद्र यादव एवं सोनल श्रीवास उपस्थित रहे। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में ध्वजारोहण उपरांत अध्यक्ष मिलन देवांगन ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में रोहित देवांगन, चिरावजी देवांगन, निशा सोनी, योगेश निक्की भाले, भास्कर सवर्णी सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुर्मीगुंडर में समिति के अध्यक्ष दानीराम वर्मा ने राष्ट्रध्वज फहराया। इस अवसर पर समिति प्रबंधक बीरेंद्र कुमार ठाकुर, शाखा प्रबंधक उमा कुमार साहू सहित रविशंकर साहू, टिकेंद्र यादव एवं मनोज वर्मा उपस्थित रहे।

### गणतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया नागरिकों ने





### रुदा स्कूल में प्रतिभावान बच्चे सम्मानित

**निकुम।** शासकीय हाई स्कूल रुदा में गणतंत्र पर्व पर प्राचार्य जे आर साहू ने ध्वजारोहण किया। शाला विकास विकास समिति अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू और शासकीय महाविद्यालय निकुम अध्यक्ष सुरेश साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे।इस दौरान प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। इनमें कक्षा दसवीं में जयंत साहू को प्रथम , आठवीं में जानवी मरकाम और पांचवी में शौर्य कुमार यादव प्रथम स्थान में आने वाले मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रधान पाठक डी के सिन्हा, रवि मरकाम सहित समस्त स्टॉफ व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



### छग राज्य ग्रामीण बैंक में ध्वजरोहण

**जामगांव आर।** गणतंत्र दिवस पर छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक जामगांव आर में सहायक प्रबंधक रोशनी चंद्राकर ने ध्वजारोहण किया। वहीं ग्राम पंचायत जामगांव आर में सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। डॉ धर्मेंद्र निर्मल, मनीष जैन आदि मौजूद थे।



### बागडूमर व जेके लक्ष्मी सीमेंट अहिवारा में लहराया ध्वज





**नंदिनी अहिवारा।** गणतंत्र दिवस पर ग्राम पंचायत बागडूमर की सरपंच दामिनी साहू ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर गांव में उचित मूल्य की दुकान का लोकार्पण भी हुआ। वहीं गांव के वरिष्ठ जनो और समाज प्रमुखों का शॉल और श्रीफल देकर उनका सम्मान किया गया। जेके लक्ष्मी सीमेंट अहिवारा में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहणकर कर श्रमिकों को पुरस्कार दिए गए। संयंत्र प्रमुख राजपाल सिंह शेखावत ने ध्वजारोहण कर संयंत्र में कार्यरत कर्मचारी एवं कामगारों को संबोधित कर जेके लक्ष्मी सीमेंट के चेयरपर्सन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विनीता सिंघानिया का संदेश सुनाया। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने पर विभिन्न विभाग के श्रमिकों , सिक्योरिटी विभाग के जवानों, एवं वाहन चालकों का पुरस्कार देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में सिक्योरिटी विभाग के जवानों द्वारा विभिन्न प्रकार की कर्तव्य का प्रदर्शन किया गया साथ ही साथ उपस्थित कर्मचारी लेडिस क्लब के सदस्य एवं श्रमिकों ने सिक्योरिटी विभाग द्वारा प्रस्तुत परेड का भी आनंद लिया। लेडिस क्लब के सदस्य द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ मनाया गणतंत्र दिवस




**जामगांव आर।** जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बटरेल में गणतंत्र दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति हुई एवम प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.दयाराम साहू अध्यक्ष जागृति शिक्षा समिति बटरेल एवम पूर्व विधायक थे। अध्यक्षता अजय साहू जनपद पंचायत सदस्य ने की। विशिष्ट अतिथि एमन आठे सरपंच ग्राम पंचायत बटरेल एवं समस्त पंच, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष महेंद्र साहू, प्राथमिक शाला के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, यू आर हिरवानी, वाई एस साहू सेवानिवृत प्राचार्य थे। प्राचार्य टी के पिपरिया ने सभी का आभार प्रदर्शन किया।

### विनायकपुर में गणतंत्र दिवस की धूम



**अंडा।** पी एम श्री शासकीय प्राथमिक एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार ने ध्वजारोहण किया। अध्यक्षता प्राचार्य श्रद्धामयी मिश्रा एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोतीलाल मारकंडेय ने की। प्रभात फेरी के माध्यम से विभिन्न चौक चौराहों में तिरंगा ध्वज फहराया गया। इसी पर्व में उल्लास नवभारत साक्षरता के चलते उल्लास मेला का आयोजन उल्लास प्रभारी टिकेंद्र चंद्राकर प्रधान पाठक, प्रेमलता योगी व संकुल समन्वयक उषा सिंहा द्वारा किया गया जिसमें साक्षार लोगों के द्वारा एफ एल एन के माध्यम से अपनी गतिविधियों को दिखाया गया।




### सेलूद में शान से फहराया तिरंगा झंडा

**सेलूद।** ग्राम सेलूद में सभी चौक चौराहे में झंडारोहण किया गया। मुख्य कार्यक्रम बाजार चौक स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में हुआ जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम दिया गया। स्कुल प्रांगण में ध्वजारोहण के बाद सरपंच खिलेश मारकंडे ने संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से नंदकुमार तिवारी, जयश्री वर्मा, खिलेश मारकंडे, खेमिन साहु, राकेश साहु, चंद्रिका, चित्रसेन कलिहारी, सुरेन्द्र बंछोर, अंजनी , गंगोत्री नायक, रमेश देवांगन और तारेन्द्र बंछोर सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

### शैलदेवी कॉलेज में गणतंत्र दिवस मनाया



**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा में राजन कुमार दुबे, चेयरमैन, शैलदेवी महाविद्यालय ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि हमें गुलामी से बचने के लिए आर्थिक, बौद्धिक व तकनीकी रूप से सशक्त होना होगा तभी हमारा राष्ट्र सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगा। समस्त महाविद्यालय परिवार ने एक स्वर में देश की एकता, अखंडता एवं प्रगति के लिए संकल्प लिया।

### केंद्रीय विद्यालय, सीआईएसएफ में फहराया तिरंगा

**उतई।** केंद्रीय विद्यालय, सी.आई.एस.एफ. उतई भिलाई में मुख्य अतिथि भुबनेश्वरी, प्राचार्य ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिंदी एवं अंग्रेजी भाषण, समूह गान, समूह नृत्य तथा अन्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। मंच संचालन




अनिल कुमार शर्मा और निधि केरकेट्टा ने किया। इस अवसर पर रूना चौधरी, गीतू, सोमा शील गुहा, सृजन , सुनीता गावांडे , शैलेश बेंजामिन, ए. बी सिंह, डॉ. पंकज शुक्ला, रीना साहू, उमेश कुमार संत, डी ए गिरिया, माधुरी, आशीष, आंचल सिंह, मयंक कुमार मिश्रा, कल्पना शर्मा, सीमा विश्वकर्मा, राजन शर्मा, जानकी सिन्हा, ममता साहू और चंद्रकांत साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## धमधा में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**धमधा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमधा में प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि प्रोफेसर शशिकांत ताम्रकार थे। सुरता 2020 द्वारा स्थापित पुरस्कार योजना के अन्तर्गत



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल धमधा में छात्राओं को गोल्ड मेडल वितरित किया गया। इसके तहत धमधा नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वेच्छा से जमा की गई राशि के ब्याज से प्रतिवर्ष अपनी कक्षा में प्रथम आने वाली छात्राओं को स्वर्ण मंडित रजत पदक प्रदान किया जाता है। बारहवीं कक्षा के वर्ष 2024-25 के लिए गणित के लिए स्व हिम्मत लाल ताम्रकार की स्मृति में नागेश्वरी माली, वाणिज्य हेतु स्व चोखेलाल कसार की स्मृति में नेमि साहू, जीवविज्ञान के लिए स्व हरिराम देवांगन की स्मृति में गीतांजलि यादव, कला संकाय हेतु स्व चैन सिंह पटेल की स्मृति में तारती साहू, गृह विज्ञान का पुरस्कार स्व बलिराम देवांगन की स्मृति में विद्यार्थी के अलावा संध्या सिन्हा द्वारा दसवीं कक्षा में पूरे स्कूल में प्रथम आने वाली छात्रा देविका जोशी (95%,) को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में विशिष्ट अतिथि जगमोहन सिन्हा थे।



### सेजस में बच्चों को दिया करियर मार्गदर्शन

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज के तत्वाधान में लक्ष्मीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजस में करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें विष्णु दत्त वर्मा सी ए ने मानव मस्तिक पर विस्तार से जानकारी दी। डॉ मीरा बघेल सेवानिवृत्ति सीएमओ जिला अस्पताल रायपुर ने बच्चों को बताया कि अन्य राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में बच्चों का विकास है वह थोड़ा कम है। शिवकुमार वर्मा पूर्व प्राध्यापक और राधेश्याम बघेल सेवानिवृत्ति प्राध्यापक ने भी अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि आर एल ठाकुर सयुंक्त संचालक शिक्षा दुर्ग संभाग ने आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि करियर काउंसिलिंग से बच्चों को समय रहते सही जानकारी और सही दिशा मिल सकती है। विशेष अतिथि हरिशंकर वर्मा सेवा सेवानिवृत्ति उप संचालक और कुर्मी समाज पाटन राज प्रधान युगल आडिल ने भी संबोधित किया।




### बिजनेस साइट

## सहेली ज्वेलर्स ने किया 'नव अध्याय' ऑफर की शुरुआत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के प्रतष्ठिति एवं विश्वसनीय आभूषण शोरूम सहेली ज्वेलर्स ने नए साल के शुभ अवसर पर अपने विशेष ज्वेलरी ऑफर 'नव अध्याय' की भव्य शुरुआत की है। यह ऑफर रायपुर एवं दुर्ग स्थित दोनों शोरूम में सीमित समय के लिए उपलब्ध रहेगा। इस विशेष योजना के अंतर्गत ग्राहकों को 22 कैरेट प्लेन गोल्ड हॉलमार्क आभूषण फ्लैट 9 प्रतिशत मेकिंग चार्ज में प्रदान की जा रही है। साथ हीए प्रत्येक 1 लाख के डायमंड मूल्य की खरीद पर 9000 की सीधी छूट का लाभ भी ग्राहकों को मिलेगा। सहेली ज्वेलर्स अपने ग्राहकों के लिए केवल आकर्षक ऑफर्स ही नहीं, बल्कि ब्राइडल ज्वेलरी, ट्रेडिशनल कलेक्शन, टेम्पल ज्वेलरी, मॉडर्न डायमंड ज्वेलरी, डेली वियर एवं फेस्टिव स्पेशल डिज़ाइनों का विशाल और एक्सक्लूसिव कलेक्शन भी प्रस्तुत करता है। इसके साथ ही सहेली ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को वर्षभर नियमित रूप से लाभकारी योजनाएं विशेष त्योहार ऑफर्स, एक्सचेंज स्कीम्स, लॉयल्टी बेनिफट्सि एवं आकर्षक मूल्य लाभ योजनाएं उपलब्ध कराता है। इस ऑफर को और अधिक लाभकारी बनाते हुए पुराने आभूषणों पर 100 प्रतिशत एक्सचेंज वैल्यू की सुविधा भी प्रदान की गई है। सहेली ज्वेलर्स अपनी शुद्धता, पारदर्शिता, सही सलाह और बेहतरीन डिज़ाइनों के लिए जाना जाता है। सभी स्वर्ण आभूषण 100 प्रतिशत हॉलमार्क प्रमाणित हैं तथा डायमंड ज्वेलरी आईजीआई-जीआईए प्रमाणित है। इसके अतिरिक्त, ग्राहकों को लाइफटाइम बाय-बैक गारंटी की सुविधा भी प्रदान की जाती है। शोरूम प्रबंधन के अनुसार यह ऑफर सीमित समय के लिए उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए ग्राहक रायपुर एवं दुर्ग स्थित सहेली ज्वेलर्स शोरूम में संपर्क कर सकते हैं। शो रूम रविवार को भी खुले रहेंगे।

### सीनी ने नक्सल क्षेत्र पर किया शोध, मिली पीएचडी की उपाधि

**भिलाई।** मैत्री कॉलेज, रिसाली में सहायक प्राध्यापक सीनी करुणानिधि को अपना शोध कार्य



पूर्ण करने पर हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने पीएचडी प्रदान की है। उन्होंने 'नक्सल क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों में सुरक्षा-असुरक्षा की भावना एवं समायोजन का उनकी पूर्ण कुशलता पर प्रभाव' विषय पर अपना शोध पूरा किया। यह शोध कार्य, बी.एड. विभागाध्यक्ष, भिलाई मैत्री कॉलेज, रिसाली, डॉ. प्रभा आर. कुरुप के मार्गदर्शन तथा सहा. प्राध्यापक, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डॉ. के. नागमणि के सह-मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### बिजनेस साइट

## बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग - अर्थव्यवस्था को समझना है, बाजार का अनुमान लगाना नहीं

**भिलाई।** अंजलि को हमेशा से फाइनेंस में दिलचस्पी थी और जब उसने कमाना शुरू किया, तो उसे इन्वेस्टिंग में दिलचस्पी होने लगी। गहराई से रिसर्च करने पर उसे एहसास हुआ कि इकोनॉमी शायद ही कभी सीधी लाइन में बढ़ती है। यह साइकिल्स या पीरियड्स से गुजरती है जहाँ चीजें तेज होती हैं, धीमी होती हैं, रिकवर होती हैं, और सिकुड़ती हैं। हर स्टेज में लोगों और बिजनेस के काम करने के तरीके में पैटर्न होते हैं।



**भूपेन्द्र कुमार**
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, भिलाई

इसी के अनुसार, बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग इस विचार के इर्द-गिर्द घूमती है कि अर्थव्यवस्था के कुछ हिस्से साइकिल के अलग-अलग समय में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। जब चीजें बढ़ रही होती हैं, तो लोग और बिजनेस अच्छा प्रदर्शन करते हैं। फैक्ट्रियां ज्यादा काम करती हैं, लोग मनोरंजन की गतिविधियों और चीजों पर ज्यादा खर्च करते हैं, और कंपनियां विस्तार में निवेश करती हैं। जब चीजें नीचे की ओर जाती हैं, तो लोग सावधान हो जाते हैं। वे खर्च करने से बचते हैं, लागत में कटौती करते हैं, और अर्थव्यवस्था धीमी हो जाती है। आप इसे नौकरियों की संख्या, फैक्ट्रियों के व्यस्त होने और लोग क्या खरीद रहे हैं, इसमें देख सकते हैं।

बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग आजकल ज्यादा उपयोगी है क्योंकि अर्थव्यवस्था तेजी से बदल रही है। पहले, चीजें शांत थीं, कम महंगाई और स्थिर राजनीति थी, जिससे बाजार में लंबे, आसान समय रहे। अब, महंगाई ज्यादा है, वैश्विक आर्थिक स्थिति के कारण ब्याज दरें लगातार बदलती रहती हैं और दुनिया की राजनीति तनावपूर्ण है। इसका मतलब है कि बाजार ज्यादा अस्थिर है। इसलिए, बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग का मतलब है कि छोटी अवधि के बाजार के बदलावों की चिंता करने के बजाय पूरी अर्थव्यवस्था पर नजर रखना। महंगाई, ब्याज दरें, सरकारी खर्च, फैक्ट्री आउटपुट, और बिजनेस कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं, जैसी चीजें आपको बता सकती हैं कि अर्थव्यवस्था साइकिल में कहाँ है। फिर आप तय कर सकते हैं कि स्थिति बदलने पर अलग-अलग क्षेत्रों में कैसे इन्वेस्ट करना है।

बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग यह नहीं मानती कि चीजें वैसी ही रहेंगी। यह बदलाव के लिए तैयार रहने के बारे में है। अर्थव्यवस्था बदलने के साथ-साथ बाजार के लीडर भी बदलते हैं, लेकिन अगर आप अपने निवेश को एडजस्ट करना सीख जाते हैं, तो आप मुश्किल समय को बेहतर तरीके से संभाल सकते हैं।

रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए, बिजनेस साइकिल इन्वेस्टिंग म्यूचुअल फंड के जरिए सबसे अच्छी तरह से की जा सकती है। भारत में, लगभग 18 फंड इस रणनीति को फॉलो करते हैं। जनवरी 2021 में लॉन्च किया गया आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल बिजनेस साइकिल फंड ने लगातार प्रदर्शन किया है, 31 दिसंबर, 2025 तक एक साल का सीएजीआर 15.59 प्रतिशत, तीन साल का 22.59 प्रतिशत सीएजीआर और लॉन्च के बाद से 21.02 प्रतिशत सीएजीआर दिया है, जो इन समय अवधियों में अपने बेंचमार्क से 4-8 प्रतिशत प्वाइंट ज्यादा है।

## पासपोर्ट की समस्या का तुरंत समाधान : श्रीकांत जैन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मे पासपोर्ट के लिए नंबर वन के नाम से पहचाने जाने वाले श्रीकांत जैन को अब 'पासपोर्ट के डॉक्टर' के नाम से भी जाना जाता है। 1995 से लगातार पासपोर्ट व ट्रेवल्स बिजनेस पर जुड़े श्रीकांत जैन ने बताया कि आप नए पासपोर्ट और पासपोर्ट से संबंधित किसी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए हम से संपर्क कर सकते हैं। विशेष कारण हो तो तत्काल पासपोर्ट सिर्फ 2 से 10 दिनों पर और नार्मल पासपोर्ट 30 से 35 दिनों पर प्राप्त हो जाता है। हमारे पासपोर्ट के 15,000 से ज्यादा और 99.99 प्रतिशत संतुष्ट ग्राहक है। भारत



सरकार विदेश मंत्रालय द्वारा अधिकृत भूतपूर्व पासपोर्ट एजेंट प्रतिनिधि, श्रीकांत जैन ने बताया कि आप पासपोर्ट, एयर टिकट, पैकेज टूर्स आदि के काम और सुविधाओ के लिए, आप हमारे सड़क 20 स्मृति नगर भिलाई स्थित ऑफिस मोदीकेयर डीपी स्टोर पर संपर्क कर सकते हैं। हमारी अन्य कोई और दूसरी शाखा नहीं है। हमारी संस्था पर एयर टिकट, होटल बुकिंग और थाईलैंड (बैंकाक पटाया), सिंगापुर, मलेसिया, मारीशस, दुबई, यूरोप आदि के पैकेज टूर्स विशेष उपहार के साथ उपलब्ध है। बातचीत के दौरान श्रीकांत जैन ने बताया कि पासपोर्ट ट्रेवल के साथ मोदीकेयर बिज़नेस भी कर रहे है, हम अपने साथ टीम वर्क के लिए बिज़नेस पार्टनर की तलाश कर रहे हैं अगर आप किसी प्रकार की अतिरिक्त आय इनकम के बारे पर सोच रहे है तो आप हमसे एक बार मिलकर व्यवसायिक अवसर के बारे में जानकारी अवश्य ले।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बड़े लाभ का झांसा देकर की 8 लाख की ठगी

**भिलाई।** ऑनलाइन वर्क फ्रम होम व इंवेस्ट का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र का है। सेक्टर-7 भिलाई निवासी रवि कुमार को 27 दिसंबर 2025 को टेलीग्राम में वर्क फ्रॉम होम का मैसेज मिला। दिए गए लिंक पर क्लिक करने के बाद उन्हें व्हाट्सएप और फिर टेलीग्राम चैनल 5123 वर्क एंड लाईफ से जोड़ा गया। जहां ऑनलाइन टास्क पूरा करने पर अधिक लाभ का झांसा मिला। आरोपियों ने पीड़ित को पहले छोटा टास्क दिया फिर पूरा करने पर उसके खाते में 1135 रुपए ट्रांसफर आ गए। 10 हजार रुपए निवेश करने पर 50 प्रतिशत लाभ का लालच दिया। पीड़ित को फिर 14,950 रुपए वापस मिला। । इस तरह ठगों ने भरोसा जीत लिया। फिर 46 हजार तो कभी 1,02,350 रुपए स्पेशल टास्क और आठ गुना कमीशन का झांसा दिया। पीड़ित ने 31 दिसंबर 2025 तक पीड़ित से स्पेशल डिश के नाम पर 2.53 लाख 850 रुपए और जनवरी 2026 में 4 लाख रुपए तक की रकम जमा कराई गई। फिर क्रेडिट स्कोर के नाम पर फिर 4 लाख रुपए का डिमांड किया। कुल आठ लाख रुपए की ठगी होने पर भिलाई नगर पुलिस के पास पहुंचकर पीड़ित ने लिखित में शिकायत किया।

### पोस्टर में फोटो नहीं लगाने पर चाकू से हमला, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मंडई मेला के पोस्टर में फोटो नहीं लगाए जाने को लेकर जमकर विवाद होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि 26 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन खुर्सीपार में किया गया था। इस दौरान डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर खुर्सीपार निवासी हेमंत कुमार वर्मा ने मंडई मेला कराया था। मेला समिति ने पोस्टर में फोटो छपवाने के लिए सदस्यों से 500-500 रुपए शुल्क लिया था। फोटो जमा कराने का नियम तय किया गया था। आरोपी तोरण निषाद ने न तो सदस्यता शुल्क जमा किया और न ही फोटो दी थी। इसके बाद भी उसने पोस्टर में उसकी फोटो न लगने को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया। तोरण निषाद ने देखा कि रात शीतला मंदिर के पास हेमंत अपने घर जा रहा था। उसने उसे रोककर पोस्टर में फोटो नहीं लगाने को लेकर गाली-गलौज करना शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने अपने पास रखे धारदार चाकू निकालकर हेमंत के बाएं सीने और पेट पर वार कर दिया। घटना में हेमंत गंभीर चोटें आई हैं।

### ओए का सम्मान समारोह आज

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा दिसम्बर 2025 एवं जनवरी 2026 माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का सम्मान समारोह प्रगति भवन में किया जायेगा। महासचिव अंकुर मिश्रा ने बताया की बुधवार को दिसम्बर 2025 एवं जनवरी 2026 माह में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। 154 अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं । दिसम्बर माह में 10 एव जनवरी 2026 माह में 8 सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी सम्मानित होंगे। सम्मानित होने वाले यह अधिकारी हैं- सीजीएम संदीप माथुर, टी गोविंद, जीएम मनोज कुमार, महाराणा प्रताप सिंह, प्रशांत तिवारी, अमरेश कुमार, रमेश कुमार सीनियर मैनेजरअग्रवाल, सीनियर राजेश कुमार सिंह , डिप्टी मैनेजर यतीन्द्र पुरांग, असिस्टेंट मैनेजर तनवीर अहमद। जनवरी में रिटायर होने वाले अधिकारियों में सीजीएम तापस दासगुप्ता, सीजीएम इंचार्ज राय इमानुअल, जीएम अनुंपमा कुमारी, एमके डहरवाल, एडिशनल सीएमओ पीजी राधाकृष्णन, एजीएम कृष्णेश्वर मानकर, असिस्टेंड मैनेजर कृष्णा नंद राय, विजय कुमार चौबे , असिस्टेंट मैनेजर का सम्मान किया जाएगा।

### स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम पंदर में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों से 400 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

# हायर सेकंडरी स्कूल मानिटरिंग के लिए जिले के पांच शिक्षक बनेंगे मास्टर ट्रेनर

## दुर्ग जिले में 135 हायर सेकेण्डरी स्कूलों की होगी मानिटरिंग, पूणे में तीन दिन लेंगे ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

हायर सेकंडरी स्कूल को भी समग्र शिक्षा में शामिल किया गया है। समग्र शिक्षा में पहले हाई स्कूल ही शामिल किए गए थे। दायरा बढ़ने के बाद हायर सेकंडरी स्कूलों की मानिटरिंग के तौर-तरीके क्या होंगे इसके लिए छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से शिक्षकों का चयन किया गया है। इनमें दुर्ग जिले के पांच शिक्षकों का चयन हुआ है। इन शिक्षकों को पूणे में तीन दिवसीय प्रशिक्षण मिलेगा। बतौर मास्टर ट्रेनर के रूप में ये शिक्षक प्रशिक्षण लेंगे। उसके बाद जिले के और शिक्षकों को ये प्रशिक्षण देंगे।

### मानिटरिंग से सुधरेगी शिक्षा व्यवस्था

राष्ट्रीय शिक्षा नीति सरकारी स्कूलों में भी इस साल से लागू की गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सभी सरकारी स्कूलों में पढ़ाई करवाना है। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राइमरी से लेकर हायर सेकंडरी स्कूलों तक शिक्षा गुणवत्ता बेहतर करने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। हायर सेकंडरी स्कूलों में मानिटरिंग की विशेष व्यवस्था की जा रही है। इससे 11 वीं और 12 वीं के विद्यार्थियों की अध्यापन व्यवस्था सुदृढ़ होगी। शिक्षकों की पूरी क्षमता का उपयोग उच्च अधिकारी मानिटरिंग रिपोर्ट के आधार पर प्लानिंग कर कर सकेंगे।



### इन शिक्षकों का हुआ है चयन

दुर्ग जिले से शिक्षक सुजाता नाहक, स्वर्णा साहू,ऊषा पांडेय,अंजना सिंह एवं रवि देवांगन का चयन किया गया है। ये पांच शिक्षक हायर सेकंडरी स्कूल मॉनिटरिंग के लिए ट्रेनिंग लेंगे। दुर्ग जिले में करीब 135 हायर सेकंडरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में करीब 12 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इन स्कूलों की मानिटरिंग कर अध्यापन को बेहतर करने से रिजल्ट भी सुधरेगा और यहां के विद्यार्थी कॉलेजों में आसानी से प्रवेश ले सकेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में भी सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे।

## डॉक्टरों की समस्या से जूझ रहा जेएलएन सेक्टर-9 अस्पताल

# बीएसपी में कम वेतन निर्धारण का खामियाजा भुगत रहे मरीज

## आधा दर्जन विभागों में नही हैं स्पेशलिस्ट, आउटसोर्स से बढ़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

महारत्न कंपनी सेल में केंद्र सरकार के अन्य सार्वजनिक उपक्रमों से वेतन कम होने का खामियाजा बीएसपी कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। बीएसपी के जेएलएन अस्पताल में डाक्टरों की कमी के चलते मरीजों को बाहर दूसरे अस्पतालों में रेफर होने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कई विभागों में प्रबंधन द्वारा आउटसोर्स पर डाक्टरों से काम चलाया जा रहा है। यूनियनों द्वारा उच्च प्रबंधन से जल्द नियमित डाक्टरों की भर्ती की मांग की गई है।

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल की सभी यूनिटों में कार्मिकों का वेतन भेल, गेल,एनटीपीसी और ओएनजीसी आदि अन्य सार्वजनिक उपक्रमों से कम है। इस कारण कर्मियों, अधिकारियों व डाक्टरों को नुकसान हो रहा है। सबसे अधिक परेशानी बीएसपी के चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग में डाक्टरो की कमी को लेकर हो रही है।

सेक्टर नौ हास्पिटल व हेल्थ सेंटरों में डाक्टरों की समस्या बढ़ती जा रही है। यूनियनों के मुताबिक कम वेतन होने के कारण बीएसपी में डॉक्टर ज्वाइन करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। जबकि हर महीने डाक्टरों के रिटायर होने से कई विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है। जेएलएन अस्पताल में हार्ट, न्यूरो, मनोरोग, गायनो आदि आधा दर्जन से अधिक विभागों में विशेषज्ञ नहीं हैं। एटक के महासचिव वीके सोनी ने कहा सेक्टर नौ हास्पिटल में सेल प्रबंधन को जल्द नियमित डाक्टरों की नियुक्ति किए जाने की जरुरत है ताकि कर्मियों को इलाज के लिए महंगे अस्पताल में न जाना पड़े।



फाइल फोटो

### सिमट रहा मनोरोग विभाग

सेक्टर नौ हास्पिटल में मनोरोग विभाग तेजी से सिमट रहा है। यहां मनोरोग विशेषज्ञों की कमी कर्मियों व परिवार के लोगों की परेशानी का कारण बनी हुई है। यूनियनों के मुताबि तीन दशक पूर्व सेक्टर एक अलग से बड़ा मनोरगो अस्पताल हुआ करता था। डा. सहगल, डॉ.अशोक त्रिवेदी, डॉ. शैल वर्मा जैसे बड़े मनोरोग विशेषज्ञ के रिटायर होने के बाद विभाग सिमट गया है। कुछ साल में डॉ. विस्वास, डॉ. मैनाकदेव सिकदार सहित कई मनोरगो चिकित्सक रिटायर हो चुके हैं। नए डाक्टरों की भर्ती नहीं होने से तनाव और नशे आदि बीमारी से पीड़ित बीएसपी कर्मी व परिवार को निजी अस्पतालों का सहारा लेने मजबूर होना पड़ रहा है।

## जर्जर सड़क के सुधार और अवैध कब्जों को हटाने की आयुक्त ने दी हिदायत



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-2 वैशालीनगर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित एसएलआरएम सेंटर, पौधारोपण कार्यों, जर्जर सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध कब्जों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

- निगम आयुक्त ने किया जोन-2 वैशालीनगर का निरीक्षण

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त येशा लहरे ने कुरूद कैलाश नगर मुक्तिधाम के पीछे नवनिर्मित एसएलआरएम सेंटर का जायजा लिया। आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सेंटर को जल्द से जल्द चालू किया जाए ताकि कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया सुचारु हो सके। इसके साथ ही, सेंटर के समीप वर्षाऋतु में किए गए पौधारोपण का अवलोकन करते हुए उन्होंने पौधों की नियमित सिंचाई और सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वार्ड क्रमांक 21, कैलाश नगर स्थित बघवा चौक की जर्जर हालत को देखते हुए आयुक्त ने क्षेत्रवासियों की सुविधा हेतु सड़क के निर्माण हेतु नियमानुसार निविदा प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान बघवा चौक के शासकीय भूमि पर नागरिकों द्वारा किए गए अवैध कब्जों और दुकानों का मामला सामने आया। आयुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल सीमांकन करने और अवैध रूप से संचालित दुकानों को हटाकर भूमि को कब्जामुक्त कराने का अल्टीमेटम दिया। इस दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, उप अभियंता चंदन निर्मलकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी, अंजनी सिंह आदि उपस्थित थे।

## दोस्त को ससुराल की जगह छोड़ा घर तो गुस्से में आकर कर दी डंडे से पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जामुल थाने में दो दोस्तों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। दरअसल आरोपी ने नशे की हालत में अपने दोस्त को बुलाया और उससे कहा कि उसे उसके ससुराल छोड़ दे। इस पर दोस्त ने उसे उसके घर छोड़ दिया। यह देख नशे की हालत में आरोपी इतना गुस्से में आ गया कि उसने गाली गलौज करते हुए बांस व डंडे से दोस्त के ऊपर हमला कर दिया।शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

- जामुल पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

जामुल पुलिस ने बताया कि श्रमिक नगर छावनी वार्ड 40 निवासी नीरज पाठक इंजीनियरिंग पार्क हथखोज में स्थित अनीस वायर कंपनी में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत हैं। 26 जनवरी को अपनी ड्यूटी पर था। इस दौरान आरोपी आकाश साहनी ने उसे कॉल कर मिलने के लिए बुलाया। नीरज जब कंपनी से बाहर निकला तो देखा कि आकाश साहनी एनएन कंपनी के पास नशे की हालत में बैठा था। आकाश ने उसे ससुराल छोड़ने की मांग की। नीरज ने अपने गाड़ी में बिठाया और उसे ससुराल न छोड़कर श्रमिक नगर के मकान के पास छोड़कर लौट रहा था। तभी आकाश साहनी पीछे से आया और गाली-गलौच दे रहे नीरज से विवाद करने लगा। नीरज पर आरोपी बांस के डंडे से हमला कर दिया। हमले में नीरज को चोट आई है।

## रकम वसूली को लेकर हत्या एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

**भिलाई।** पुराने रकम के लेनदेन को लेकर विवाद मामले में युवक की हत्या कर फरार होने वाले को पुलिस ने आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि कसारीडीह दुर्ग निवासी ऋषि निर्मलकर नामक युवक की मौत संदिग्ध परिस्थित में हुई थी। जिसका पुलिस ने पीएम कराया और परिजनों का बयान दर्ज भी कराया गया। जांच में पुलिस को पता चला कि 24 जनवरी को होटल 36 इन, इंदिरा मार्केट दुर्ग में ऋषि निर्मलकर के साथ युवकों ने पुराने पैसों की वसूली की बात को लेकर हाथ-मुक्कों से जमकर मारपीट की थी। जिससे ऋषि गंभीर हो गया था। उपचार के दौरान चोट के कारण ऋषि की मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपियों मेजर सागर, काके उर्फ हरविंदर सिंह, प्रशांत राव, समेत अन्य युवकों ने ऋषि की हत्या किया। मामले में पुलिस ने हत्या का अपराध कायम किया है। मामले में पुलिस ने प्रशांत राव को गिरफ्तार किया है। फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है।



# कुर्की दल ने की 2.11 लाख की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

निगम की वित्तीय स्थिति में सुधार लाने और लंबित करों की वसूली के लिए भिलाई निगम अभियान चला रहा है । इसी कड़ी में पांचों जोन कार्यालयों के लिए विशेष कुर्की दल का गठन किया गया है, जो सक्रिय रूप से बकायादारों से संपर्क कर वसूली की कार्रवाई कर रहे हैं। कुर्की दल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बकायादारों से कुल 2,11,738 रुपए की लंबित कर राशि वसूल कर निगम कोष में जमा कराई है। यह कार्रवाई उन स्वामियों के विरुद्ध की गई जिन्होंने बार-बार सूचना दिए जाने के बाद भी करों का भुगतान नहीं किया था।

नगर निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में भी समाचार पत्रों, डोर-टू-डोर संपर्क और मुनादी के माध्यम से भूमि व भवन स्वामियों को लंबित करों के भुगतान के लिए निरंतर सूचित किया जा रहा है। शासन के नियमानुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर कर जमा न करने पर अधिभार लगाया जाता है। निगम द्वारा बार-बार प्रेरित किए जाने के बावजूद भुगतान न करने वालों के विरुद्ध अब कुर्की वारंट के आधार पर मौके पर ही वसूली की जा रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहरवासियों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अप्रिय कुर्की की कार्रवाई और अतिरिक्त अधिभार से बचने के लिए अपने लंबित करों का भुगतान जल्द से जल्द निगम कार्यालय में करें। निगम की विकास योजनाओं को गति देने और वित्तीय व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए करों का समय पर भुगतान अनिवार्य है।



# अपराध और शिकायतों को समय पर निराकरण करें : आईजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नए आईजी अभिषेक शांडिल्य ने पुलिस कंट्रोल सेक्टर 6 में बैठक लेकर हिदायत दिया है। इस दौरान कर्मी अपने कर्यो व आचरण व्यवहार पर प्रभावी नियंत्रण रखने को कहा है। अपराध व शिकायतों का समय सीमा पर निराकरण, जिले की पुलिसिंग में कसावट लाने वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़े मामलों को रोकने शहर के व्यावसायिक संस्थानों में संभावित संस्था, कंपनी की पतासाजी करे, लिस्टिंग तैयार करे, लुभावने विज्ञापन, स्कीम के बारे में थाना स्तर पर जानकारी एकत्रित करें। सभी थाना प्रभारी अपने कर्मियों को गतिविधि और उनके कार्यो पर निगरानी,प्रभावी नियंत्रण रखें, सभी थाना प्रभारी अधिक से अधिक प्रथम सूचना पत्र स्वयं दर्ज करें, थानों में धोखाधड़ी से जुड़े मामले बड़ी संख्या में लंबित हैं। ऐसे एक वर्ष से अधिक समय से लंबित धोखाधड़ी के मामलो का प्राथमिकता से निराकरण करें। नए प्रावधान के मुताबिक प्रकरणों का 60 एवं 90 दिनों में निराकरण करे। बैठक में एसएसपी विजय अग्रवाल, एएसपी मणीशंकर चन्द्रा, ट्रैफिक सुश्री ऋचा मिश्रा, आईयूसीएडब्ल्यू ममता देवांगन सभी पुलिस अधिकारी थाना, चौकी प्रभारी मौजूद थे।

- पहली बार बैठक लेकर दी हिदायत



## मांस, मटन दुकान को किया बेदखल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर को बेहतर और व्यवस्थित बनाने को लेकर अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही लगातार की जा रही है। निगम के बिना अनुमति एवं अनुज्ञप्ति के नागरिको द्वारा अवैध कब्जा कर दुकान संचालित किया जा रहा है। जिसे हटाने की कार्यवाही लगातार की जा रही है।

निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जोन आयुक्त एवं सहायक राजस्व अधिकारियों को अवैध कब्जा हटाने निर्देशित किया गया है। निर्देशानुसार 28 जनवरी को जोन-3 सुभाष चौक में अवैध रूप से संचालित मांस-मटन दुकान को पुलिस बल की उपस्थिति में बेदखल किया गया है। दुकान सड़क किनारे एवं चौक पर खोले जाने से आवागमन बाधा उत्पन्न हो रहा था, नागरिको की समस्या एवं सड़क बाधा को देखते हुए अवैध दुकान को हटाया गया। इसी प्रकार जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र के डबरा पारा तिराहा के पास स्थित वेडिंग जोन में अस्थायी रूप से अतिक्रमण कर कब्जा किया जा रहा था, जिसे निगम के राजस्व एवं बेदखली दस्ता की संयुक्त टीम द्वारा कब्जामुक्त कराया गया।

## चंद्रनगर के रहवासियों ने किया था विरोध

# पेट्रोल पंप खोलने के विरोध के बाद स्थगन आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

चंद्रनगर में पेट्रोल पंप के मामले में भारी विरोध पर तहसीलदार ने स्थगन आदेश जारी किया है। मामले की अगली पेशी 9 फरवरी को है। विदित हो कि चंद्रनगर कोहका में अग्रसेन आईटीआई के सामने कॉलोनीवासियों को गुमराह कर चारों तरफ मिट्टी के बड़े-बड़े टिले बनाकर कॉलोनी वासियों को कहा गया था कि यहां कंपलेक्स बनाया जा रहा है मगर जब 20 फीट की सड़क को कब्जा कर सकरी कर दिया गया एवं कॉलोनी की लोग गिरने लगे घायल होने लगे आपत्ति करने के बावजूद ध्यान नहीं दिया गया तब कॉलोनी के लोगों ने देखा कि यहां पर कॉलोनी वॉसियो को गुमराह कर पेट्रोल पंप का निर्माण भी किया जा रहा है, जबकि सरकार के नियम के अनुसार 30 मीटर परिधि में कोई भी स्कूल कॉलेज नहीं होने चाहिए आवासीय नहीं होना चाहिए पेट्रोल पंप आसपास कॉलोनी नहीं होनी चाहिए जबकि यहां पर शैक्षणिक संस्थान छोटे-छोटे बच्चों का स्कूल और आईटीआई जैसे शैक्षणिक संस्थान है आसपास कॉलोनी भी है जबकि कॉलोनी वासियों को यह बोला जा रहा था कि यहां पर कंपलेक्स बनाया जा रहा है गहराई से जांच करने पर पता चला कि यहां पर अवैध रूप से पेट्रोल पंप की टंकी बैठा ली गई है जबकि रोड की जगह को भी अतिक्रमण करके 20 फीट की रोड को जगह के 3 फीट अतिक्रमण कर लिया गया जिसके कारण आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है अगर कॉलोनी में एक कार घुसती तो दूसरी कार को पूरी बैक करके जाना पड़ता है कॉलोनी के सैकड़ो लोगों का जीवन नर्क बना दिया गया है कॉलोनी के सैकड़ो महिलाओं ने सांसद विजय बघेल जी विधायक वैशाली नगर रिकेश सेनजी कलेक्टर दुर्ग नगर निगम आयुक्त को अवगत कराया क्षेत्रीय पार्षदअभिषेक मिश्रा ने भी कॉलोनी वासियों की बैठक में इसे किसी भी हाल में ना खोलने देने का आश्वासन दिया है किस आधार पर पेट्रोल पंप का परमिशन जारी किया गया है यह जांच का विषय है। बैठक में प्रमुख रूप से चंद्रनगर विकास समिति के संयोजक शारदा गुप्ता, सुगंधी सोनी, संतोष सोनी, निर्मल, भारती, रेखा ब्रम्हे, बसंत शुक्ला, बसंत भारती, बीजे आनंद, दिनेश विश्वकर्मा, राजकुमार ब्रम्हे, प्रशांत पासवान,सत्यप्रकाश आर्य, भारती राणे, सुनीता राणे, प्रमिला बोरकर, मीना सिंह, गीता चौधरी, नीलम, भारती पुष्पा देवांगन, शिवकुमारी प्रजापति, अनीता सिंह, यशोदा मिश्रा, नीलम देवी, प्रभावती आदि मौजूद थे।





हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 28 जनवरी 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

मंत्री ने किया उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी का सम्मान



गणतंत्र दिवस पर

## शकुंतला विद्यालय में तिरंगी आभा के बीच मना 77वां गणतंत्र दिवस



भिलाई। शकुंतला विद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। शकुंतला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने अन्य अतिथियों के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्रगान के उपरांत विद्यालय सदनों की टुकड़ियों द्वारा मार्च पास्ट कर तिरंगे को सलामी दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों के मनमोहक समूह नृत्य से हुई। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य विपिन कुमार, शारदा विद्यालय ममता ओझा एवं अन्य विशिष्टगण उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

भिलाई। जवाहर नगर भिलाई स्थित केएच मेमोरियल स्कूल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर के एच एजुकेशन सोसाइटी की उपाध्यक्ष सीता झा ध्वजारोहणकर छात्र-छात्राओं एवं देशवासियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में के एच विभा झा और एमएसएमई के अध्यक्ष केके झा और के एच स्कूल के डायरेक्टर निश्चय झा, के एच टाइनी टॉट डायरेक्टर सृष्टि झा सहित स्कूल के टीचर मौजूद थे। इस दौरान स्कूल के बच्चों के द्वारा रंगारंग प्रस्तुति भी दी गई। बच्चों ने फ्लैग मार्च किया।



## कर्मचारियों को मिला सम्मान



दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग के क्षेत्रीय मुख्यालय में गणतंत्र दिवस रायपुर नाका स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय के प्रांगण में आयोजित है। दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्युत विभाग दुर्ग क्षेत्र के 12 कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। मुख्य अभियंता द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्यालय सहायक श्रेणी एक आलोक कुमार शर्मा, कनिश्ठ अभियंता परमेश्वर, ज्योत्सना राव एवं अंजली ठाकुर, डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रदीप कुमार वैष्णव, परीक्षण सहायक श्रेणी एक हीराधर प्रसाद साहू, कार्यालय सहायक श्रेणी तीन नोमेश कुमार साहू, दफ्तरी भागी राम, लाइन सहायक श्रेणी दो लक्ष्मीनारायण पटेल, परिचारक श्रेणी एक लाइन संतोष साहू, तकनीशियन वितरण राकेश दुबे एवं कार्यालय सहायक श्रेणी एक श्वेता राव को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, रजत मेडल एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## भारती विवि ने मनाया 77वां गणतंत्र दिवस



भिलाई। भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कुलपति प्रो डॉ. बीएन तिवारी द्वारा कर राष्ट्रगान गाया गया। विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा अनुशासन, समर्पण एवं राष्ट्रभक्ति प्रदर्शितकरते सलामी दी गई। एनएसएस स्वयंसेवकों ने सेवा, सहयोग एवं सामाजिक दायित्व का संदेश देते हुए कार्यक्रम में सहभागिता दी। कुलपति प्रो. डॉ. बीएन तिवारी ने अपने संबोधन में संविधान की गरिमा, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों पर बल देते हुए सभी से संविधान के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. आलोक भट्ट, निदेशक डॉ. घनश्याम साहू , डॉ. आरपी अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम मे सहायक प्राध्यापक युक्ति नोनहरे द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। समापन कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार ने किया। मंच संचालन डॉ. नीतू श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एके दुबे, डॉ. मनोज मौर्य, डॉ. अजय सिंह, डॉ. प्रतिभा कुरुप, डिप्टी रजिस्ट्रार रजनी, डॉ. रोहित कुमार वर्मा, डॉ. भूमिका मिश्रा, डॉ.रामनारायण पटेल, डॉ. पूर्णिमा तिवारी, डॉ. जे एस तिवारी, डॉ. मनोज सियाल, डॉ.अजहर एवं डॉ. सौरभ बंजारे सहित काफी संख्या में प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## न्यायालय परिसर में फहराया गया तिरंगा



दुर्ग। भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 26 जनवरी के दिन जिला न्यायालय परिसर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान "जन-गण-मन" एवं उसके पश्चात "वंदे मातरम" का सामूहिक गायन किया गया, जिससे संपूर्ण परिसर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने भारतीय संविधान के मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, राष्ट्रप्रेम, विरासत, सद्भाव, संस्कृति एवं बंधुत्व पर प्रकाश डालते हुए न्यायिक व्यवस्था की भूमिका एवं नागरिकों के प्रति न्यायपालिका के दायित्वों का उल्लेख किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा इस अवसर पर निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम का समापन संविधान के प्रति निष्ठा एवं देश की एकता-अखंडता बनाए रखने के संकल्प के साथ किया गया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने ध्वजारोहण कर परेड की ली सलामी

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में केपीएस, झांकी में जिला पंचायत व शिक्षा विभाग और परेड में जिला पुलिस बल रहा अव्वल, हुआ सम्मान

दुर्ग। 26 जनवरी को पूरे देश के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिले में भी 77वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू थे। उन्होंने रविशंकर स्टेडियम में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। राज्यमंत्री साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। उन्होंने उल्लास एवं उमंग के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े। इसके बाद कलेक्टर अभिजीत सिंह और एसपी विजय अग्रवाल के साथ परेड का निरीक्षण किया और आम नागरिकों का अभिवादन स्वीकार किया। परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा के नेतृत्व में जिला पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, एनसीसी जुनियर एवं सीनियर, के 10 प्लाटून द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट करते हुए सलामी मंच के सामने से गुजरे। तत्पश्चात मुख्य अतिथि राज्यमंत्री साहू प्लाटून कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया।



## शहीद के परिजनों को शाल व श्रीफल भेंटकर किया सम्मान

इस मौके पर उन्होंने शहीद के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देश-भक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। समारोह के समापन पूर्व मंत्री तोखन साहू ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया। समारोह में संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी अभिषेक शांडिल्य, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, एसपी विजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर योगिता देवांगन, अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, सिल्ली थॉमस, एसडीएम हितेश पिस्दा, उत्तम ध्रुव, अध्यक्ष केन्द्रीय सहकारी बैंक मर्यादित प्रितपाल बेलचंदन सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## जिला पंचायत और शिक्षा विभाग की झांकी ने दिया अनोखा संदेश

समारोह में प्रथम स्थान जिला पंचायत दुर्ग एवं शिक्षा विभाग की झांकी को संयुक्त रूप से मिला। जिला पंचायत ने जल शक्ति अभियान व विकसित भारत जी राम जी का प्रदर्शन किया गया। जल शक्ति अभियान जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए लागू किया गया है। इस अभियान के तहत वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों का पुनर्जीवन और हर घर नल से जल योजना पर ज़ोर दिया जा रहा है। अभियान में जनभागीदारी को अहम बताया गया है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी सुरक्षित किया जा सके। शिक्षा विभाग द्वारा पीएमश्री स्कूल/उल्लास नवभारत साक्षरता एवं बालवाड़ी को प्रदर्शित किया गया। पीएम श्री स्कूल योजना के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। द्वितीय स्थान महिला एवं बाल विकास विभाग, पशु चिकित्सा विभाग एवं जेल विभाग को संयुक्त रूप से दिया गया। महिला बाल विकास विभाग की झांकी में बाल विवाह मुक्त अभियान को झांकी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। पशु चिकित्सा विभाग की झांकी में गौधन योजना/पशु संरक्षण एवं टीकाकरण को प्रदर्शित किया गया, जिसमें गोधन योजना के अंतर्गत पशुओं के संरक्षण, गोवंश संवर्धन और नियमित टीकाकरण पर बल दिया गया। जेल विभाग द्वारा बंदियों द्वारा निर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। तृतीय स्थान कृषि विभाग एवं उद्यानिकी विभाग को दिया गया। कृषि विभाग द्वारा कृषि उन्नती व जल संरक्षण को प्रदर्शित किया गया।



## सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने बटोरी तालियां

सांस्कृतिक प्रस्तुति में प्रथम स्थान के.पी.एस. नेहरू नगर भिलाई, द्वितीय विज्ञान विकास केन्द्र दुर्ग, तृतीय शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बघेरा को मिला। सांत्वना पुरस्कार सेजेस दीपक नगर को मिला। परेड में सीनियर वर्ग में जिला पुलिस बल (पुरुष ) को प्रथम, सीमा सुरक्षा बल को द्वितीय और नगर सेना (महिला) को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में प्रथम एनसीसी सीनियर(बालक), द्वितीय एनसीसी सीनियर (बालिका) एवं तृतीय एनसीसी जुनियर (बालक) को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन छ.ग.पर्यावरण संरक्षण बोर्ड क्षेत्रीय अधिकारी डॉ.अनीता सावंत, विज्ञान विकास केन्द्र श्रीमती उर्मिला ओझा एवं एनसीसी अधिकारी श्रीमती ममता ध्रुव द्वारा किया गया।

## बीराजी के अंगना में लहराया 100 फीट ऊंचा तिरंगा



भिलाई। सर्व समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह द्वारा आर्य नगर कोहका भिलाई में निर्मित बीरा जी के अंगना के लोकार्पण समारोह 26 जनवरी को आयोजित किया गया। इस दौरान 100 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया गया। जो सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर डोम शेड का फीता काटकर कुलवंत कौर इंद्रजीत सिंह ने इसे सर्व समाज को समर्पित किया। साथ ही सभी समाजों के प्रमुख प्रतिनिधियों को प्रतीकात्मक रूप से इसकी चाभी सौंपकर सामाजिक समरसता और सहभागिता का संदेश दिया। लोकार्पण के बाद 100 फीट ऊंचे तिरंगे का ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान काफी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। संस्था के अध्यक्ष नव निर्मित यह डोम शेड समाज सेवा को समर्पित एक विशिष्ट स्थल है, जो जरूरतमंद, गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। यह स्थान शादी-विवाह, सामाजिक कार्यक्रम, रामायण पाठ, भागवत कथा एवं अन्य धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों के लिए समर्पित किया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रा. स्वास्थ्य केंद्र खुर्सीपार में किया ध्वजारोहण

भिलाई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बापूनगर खुर्सीपार के प्रभारी डॉ. सुषमा सिंग द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के अरविन्द कुमार द्वारा संविधान के बारे में जानकारी दी गई। सिस्टर मेनका और अन्य स्टॉफ द्वारा देशभक्ति गानों में नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस दौरान डॉक्टर्स और स्टॉफ ने गणतंत्र दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। झंडा फहराने के बाद सभी ने झंडे को सलामी दी और भारत माता की जय के नारे लगाए। सभी के चेहरों में देश के प्रति सच्ची देशभक्ति देखने को मिली। इस अवसर पर सभी स्टॉफ एवं मितानिने उपस्थित रहीं।



## दो हजार विद्यार्थियों ने वंदे मातरम का किया सामूहिक गान



भिलाई। रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में गणतंत्र दिवस देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में 2000 से अधिक छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष रुंगटा द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। एनएसएस इकाई एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न दलों द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की गई, जिसने सभी उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं आरएसडीसी क्लब द्वारा रंगारंग झांकियां निकाली गईं। इस दौरान मुख्य आकर्षण 26 भव्य झांकियां रहीं, जिनमें अनेकता में एकता, भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय विकास, डिजिटल इंडिया, स्टार्ट-अप, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया गया। वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर दो हजार छात्रों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक गान ने पूरे परिसर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

हम हिंदुस्तानी मंच का एक शाम वतन के नाम का हुआ आयोजन

# शौर्य चक्र से सम्मानित मधुसूदन और सेवानिवृत्त जवानों का सम्मान, शौर्य गाथा की झलक देख मन में जगी देशभक्ति

कार्नर न्यूज

भिलाई। हम हिंदुस्तानी मंच के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक शाम वतन के नाम कार्यक्रम का आयोजन सेंट्रल ऐवन्यू रोड, सेक्टर 10 सांस्कृतिक मंच पर आयोजित किया गया था। देशभक्ति पर आयोजित इस कार्यक्रम में तीनों सेनाओं में देश की रक्षा करने वाले सेवानिवृत्त वीर जवानों, समाज सेवा और देशहित के कार्यो से जुड़े लोगो को सम्मानित किया गया।सेना के जवानों को समर्पित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाराष्ट्र से पैरा कमाण्डो यूनिट 21 पैरा एस एफ (वाघ नख) शौर्य चक्र से सम्मानित मधुसूदन सुर्वे, विशिष्ट अतिथि उप महाधिवक्ता छ ग शासन एवं लोक अभियोजक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) डॉ सौरभ पाण्डेय और श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट रायपुर अध्यक्ष व श्री गंगाजली एजुकेशन सोसायटी सचिव व कृष्णा पब्लिक स्कूल के कार्यकारी सदस्य निशांत त्रिपाठी उपस्थित रहे। इस दौरान देशभक्ति गीतों के साथ-साथ कई रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति और राष्ट्र को समर्पित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किये गये थे।



## क्या है हम हिन्दुस्तानी मंच

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शौर्य चक्र से सम्मानित मधुसूदन सुर्वे, महाधिवक्ता छ ग शासन डॉ. सौरभ पाण्डेय, एस एस आई रायपुर अध्यक्ष निशांत त्रिपाठी और हिंदुस्तानी मंच के सदस्यों द्वारा भारत माता के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। मंच के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रदीप चौधरी ने मंच के उद्देश्य से अवगत कराया। इस दौरान हम हिन्दुस्तानी मंच से संजीव सिंह, गौतम व्यास, रोहित अग्रवाल, एस मोहन, आर रुपेश, मनोज गुप्ता, भास्कर तिवारी, रोहित सिंह, पोषण देवांगन, शैलेश कुमार, सुमित कनोजिया, जयंत मित्रा, टी श्रीकांत, महावीर जैन, डॉ. रतन तिवारी, डॉ. आदर्श त्रिवेदी, संजय मिश्रा, मनोज बावनकर, गौतम, विशालदीप नायर, बिट्टू चहल, रमेश जांगड़ा संगीता मिश्रा, डॉ संध्या चौधरी, डॉ आरती चौधरी ,ग्रीष्मा व्यास, एकता गुप्ता, तनीसी सहित मंच के सभी सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे।
इस दौरान काफी संख्या में सैनिक परिवार सहित उपस्थित थे।

## 21 पूर्व सैनिक सम्मानित

कार्यक्रम में एक शाम वतन के नाम कार्यक्रम की शुरुआत देश के लिए शहीद हुए सैनिकों के परिवार जनों और उनके माता-पिता को प्रतीक चिन्ह, शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद थल, जल, वायु सेना के लगभग 21 पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। इसी कड़ी में समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाजसेवी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मानसी गुलाटी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन मंच के संजीव सिंह और संगीता मिश्रा द्वारा किया गया।

## दुश्मनों से युध्द करने का बताया वृत्तांत



पिछले 8 सालों से आयोजित होने वाले इस देशभक्ति कार्यक्रम में इस बार असम में ऑपरेशन राइनो, जम्मू-कश्मीर में रक्षक, कारगिल में विजय, नागालैंड में ऑर्किड और मणिपुर में ऑपरेशन हिफाजत पर ड्यूटी पर दुश्मनों से सामना कर जीत हासिल कर शौर्य चक्र से सम्मानित मधूसूदन सुर्वे ने अपने युध्द के वत्तांत को साझा करते हुए बताया कि 2005 में वह "ऑपरेशन हिफाजत" के अंतर्गत मणिपुर में तैनात थे। 20 जून को उग्रवादियों से हुई भीषण मुठभेड़ में इनके बांए पैर में सात गोलियां लगी व दाएं पैर में दो गोलियां लगी। पेट व आंतों में भी एक-एक गोली लगी। इस मुठभेड़ में कुल 17 उग्रवादी मारे गए जिसमें 5 उग्रवादी हवलदार मधुसूदन सुर्वे ने मारे थे। जिसे सुनकर दर्शकदीर्घा के रोंगटे खड़े हो गए। कार्यक्रम में छग खादी तथा ग्राम उद्योग बोर्ड अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री राकेश पांडेय, बीजेपी जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, बीजेपी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, महेश वर्मा, हरिभूमि ब्यूरों प्रभारी प्रमुख संदीप उपाध्याय, भागवताचार्य आचार्य संदीप तिवारी सहित अनेक गणमान्य जन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## जामा मस्जिद में शान से लहराया तिरंगा, गाए देशभक्ति के गीत



**भिलाई।** गणतंत्र दिवस पर इस्पात नगरी भिलाई में जगह-जगह ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट सेक्टर-6 की ओर से गणतंत्र दिवस पर जामा मस्जिद के समीप स्थित मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। राष्ट्रगान के बाद छोटे बच्चों ने भी देशभक्ति की कविताएं और गीत सुनाए। मस्जिद के इमाम मौलाना इकबाल अंजुम हैदर ने शहीदों को याद कर संविधान की अहमियत बताई। ट्रस्ट के अध्यक्ष एम आसिम बेग ने राष्ट्र निर्माण और विकास के लिए समर्पित रहने का संकल्प दोहराया। वज़ी अहमद और मंजर हसन ने संविधान से जुड़ी बातें बताईं। इस अवसर पर मौजूद मिर्ज़ा अशरफ बेग भूतपूर्व सेक्रेटरी भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट, बैतुलमाल कमेटी के सदर हमीदुल्लाह सिद्दीकी, जमील अहमद, सेक्रेटरी सैयद हुसैन, अब्दुल हफीज़, जमील कुरैशी, अब्दुल जाकिर खान, अलीम सिद्दीकी, वज़ी अहमद ,शाहिद खान, अब्दुल कलाम, शमशेर खान, असदुद्दीन हैदर, मुर्तुजा हुसैन, हकीम चौधरी, रकीब खान, रफीक खान, फ़राज़ अहमद, मंजर हसन, मु अनवर, मु ज़मीर, फ़ैजान हसन, मु साहिल, हनीफ खान, परवेज़ अशरफ, हन्नान खान और मुहम्मद जाकिर हुसैन सहित कई लोग शामिल हुए।

## हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र में किया गया शहीदों को याद



**भिलाई।** ईदगाह मैदान हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र में पार्षद पीयूष मिश्रा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान कैप्टन जमाल, रिटायर आर्मी ऑफिसर इलियास खान, रिटायर आर्मी ऑफिसर मो जावेद सिद्दीकी, इरफान, भिलाई मुस्लिम एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी और मस्जिद के इमाम हजरत ताज़िम अहमद जामई, नायब इमाम आसिफ रजा, सदर हाजी ताहिर सिद्दीकी, आसिफ सिद्दीकी, राशिद खान, हाजी मुश्ताक अहमद, हाजी एम एच सिद्दीकी और कमेटी के सदस्यों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया गया। दाऊ बाड़ा तालाब राधिका नगर भिलाई में ध्वजारोहण छत्तीसगढ़ शान्ति आव्हान एवं अनुसन्धान केन्द्र तिरंगा भवन के अध्यक्ष डॉ सुबहान खान ने तिरंगा फहराया। इस दौरान डॉ. सुबहान खान ने सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया।

## भाजपा जिला कार्यालय भिलाई में फहराया गया तिरंगा



**भिलाई।** भाजपा जिला कार्यालय में गणतंत्र दिवस का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भारत माता के चरणों में पुष्प अर्पित कर देश की एकता, अखंडता एवं गौरवशाली परंपराओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल ,सुषमा जेठानी,जिला उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह,चिन्ना केशवल्लू, चंद्रकांता मंडले, पूनम शुक्ला, गोपाल कृष्ण वर्मा, जिला मंत्री पारस जंगल, मनोज तिवारी, कुबेर शर्मा, रश्मि सिंह, भारती साहू, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, सह कोषाध्यक्ष हेमंत देवांगन, जिला प्रवक्ता विजय सिंह, मदन सेन, कार्यालय मंत्री योगेंद्र सिंह, शोशल मीडिया रवि कश्यप, आई टी सेल बॉबी चौहान, सुभाष शर्मा, जाकिर अंसारी,दीप पटेल, प्रदेश एन जी ओ प्रकोष्ठ संयोजक दिनेश सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक,युवा मोर्चा अध्यक्ष सौरभ जयसवाल आदि उपस्थित थे।

## बार एवं रॉड मिल में सुरक्षा पहेली की प्रतियोगिता हुई आयोजित




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल द्वारा कार्यस्थल पर सुरक्षा के उच्चतम मानकों को सुदृढ़ करने तथा सुरक्षा-संस्कृति को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य सेसेफ्टी के धुरंधर" नामक सुरक्षा पहेली प्रतियोगिता का आयोजन साप्ताहिक अंतराल पर किया जा रहा है। प्रथम साप्ताहिक में आयोजित प्रतियोगिता में मनोहरलाल, खेमलाल और शुभम विजेता रहे। वहीं द्वितीय साप्ताहिक प्रतियोगिता में अर्चना, विकास व अनिल ने सफलता प्राप्त की। विभागाध्यक्ष योगेश शास्त्री ने विजेता को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने शून्य दुर्घटना पर जोर दिया। बीआरएम विभाग के महाप्रबंधक एसएन त्रिपाठी, शाश्वत मोहंती, समीर पांडे, शिखर तिवारी, उप महाप्रबंधक तुषार श्रीखंडे, विजी मथाई उपस्थित थे।

## इंटक कार्यालय में ध्वजारोहण



**भिलाई।** स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक के कार्यालय, सेक्टर-4 में कार्यकारी अध्यक्ष पूरण वर्मा और महासचिव संजय साहू ने ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रगान के बाद यूनियन के सेवानिवृत्त वरिष्ठ पदाधिकारी पीयूष कर, आरसी अग्रवाल, बीडी भीते, एके सिंह, एसके बघेल, एनएस बन्छोर, एके विश्वास, पीवी राव, रमेश तिवारी, मदन सिन्हा, चंद्रशेखर सिंह, वीके मजूमदार, संतोष साव, शेखर शर्मा, के राजशेखरस, उमापति मिश्रा व प्रदीप पाठक का सम्मान किया।

## प्रगति भवन में बंछोर ने किया ध्वजारोहण

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिशन द्वारा गणतंत्र दिवस पर ओए बिल्डिंग प्रगति भवन में किया गया। ध्वजारोहण ओए अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर ने किया। उन्होंने सभी सदस्यों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन महासचिव अंकुर मिश्रा ने किया। इस अवसर पर ज्ञान चतुर्वेदी के निर्देशन में तीन म्यूजिकल आर्केस्ट्रा द्वारा देशभक्ति गीतों को संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, सेफी नामिनी अखिलेश मिश्रा, उपाध्यक्ष संतोष सिंह, रेमी थामस, सचिव प्रहलाद मौर्या व जोनल प्रतिनिधि एमएआर, शरीफ, जीपी सोनी, एचएल सोनवानी आदि मौजूद थे।

### सीमा सुरक्षा बल ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

# राष्ट्रगान के साथ किया झंडारोहण, हर्षोल्लास के साथ मनाया 77वां गणतंत्र दिवस, दी गई सलामी

**भिलाई।** ट्विनसिटी में गणतंत्र दिवस सभी शासकीय और अर्धशासकीय सहित सभी संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी स्थानों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया। इस दौरान कई स्थानों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। भिलाई। भिलाई स्थित सामरिक मुख्यालय एवं क्षेत्रीय मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सामरिक मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल के उप महानिरीक्षक गिरधारी लाल मीणा ने सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय, रिसाली भिलाई में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उप महानिरीक्षक ने भिलाई, कांकेर एवं नारायणपुर जिलों में तैनात सीमा सुरक्षा बल के सभी जवानों, अधिकारियों और उनके परिवारजनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। उप महानिरीक्षक ने कहा कि यह पावन अवसर हमें संविधान में निहित मूल्यों को आत्मसात करने, अमर शहीदों को नमन करने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए निरंतर संकल्प लेने की प्रेरणा देता है। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2009 में सीमा सुरक्षा बल को छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सल विरोधी अभियानों के लिए तैनात किया गया था। वर्तमान में बल कांकेर एवं नारायणपुर जिलों में पूरी प्रतिबद्धता एवं सतर्कता के साथ कार्यरत है। बल की सतत, संगठित एवं प्रभावी कार्यवाहियों के परिणामस्वरूप नक्सलियों की प्रभाव क्षेत्र एवं मनोबल में उल्लेखनीय गिरावट आई है। सुरक्षा बलों के निरंतर दबाव, विकासात्मक प्रयासों तथा स्थानीय जनता के बढ़ते सहयोग से यह स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि क्षेत्र शीघ्र ही नक्सल हिंसा से मुक्त होने की दिशा में अग्रसर है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में सीमा सुरक्षा बल के प्रत्येक जवान एवं अधिकारी के साहस, त्याग, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा की निर्णायक भूमिका रही है।





## सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कल्याण एसोसिएशन भिलाई कार्यालय में आयोजन



गणतंत्र दिवस के अवसर पर छग प्रदेश सेवानिवत्त पुलिस अधिकारी कल्याण एसोसिएशन भिलाई नगर के सेक्टर 7 कार्यालय में एसोसिएशन के अध्यक्ष सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बी. बी. एस. ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उपस्थित एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने राष्ट्रगान कर तिरंगा झण्डे को सलामी दी। ध्वजारोहण के समय उपस्थित सभी लोगों को मिष्ठान वितरित किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर गैस सिलेंडर और चूल्हा का किया गया वितरण



गणतंत्र दिवस के अवसर पर वार्ड-17 शिवपारा में पीएम उज्ज्वला के अंतर्गत पार्षद गजेन्द्री कोठारी के द्वारा लाभार्थी उषा ठाकुर, चम्पा बाई, संगीता पुर्ति को गैस सिलेंडर और चूल्हा वितरित किया गया है। इस अवसर पर जिला के उपाध्यक्ष राजीव पाण्डेय, मरोदा-पुरैना के मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल, बूथ के अध्यक्ष रंजन सिन्हा, बूथ के मोहन टूटी और बीजेपी के वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल राय, राजूराम, आशपुरन चौधरी, डामन सार्वा, किरण मिश्रा, नवीन सिन्हा, युवा मोर्चा के अध्यक्ष नरेन्द्र निर्मलकर, गुलशन और महिलाएं उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति गीत के साथ दिखी ओडिशा की संस्कृति



**भिलाई।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर जोन 1 सड़क 8 खुर्सीपार में ध्वाज रोहण कर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय उड़िया समाज के प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी थे। अध्यक्षता समाज के महासचिव तरुण निहाल ने किया। अतिथियों ने मिलकर ध्वजा रोहण कर राष्ट्रगान गाया गया। इसके अलावा बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत पेश किया। साथ ही उड़िया गानों पर बच्चों ने मन मोहक अपनी प्रस्तुति दी। संचालन ओम प्रकाश बंछोर ने किया। कार्यक्रम में सरोजनी बाई सोनी, शैलेन्द्र दीप, मंटू हरपाल, ललित सिक्का, शुभांगीनी कुमार, बिंदु दीप, अभिलाषा कुमार मंजू शेंडे, अरुणी कुमार, प्रिया सिंदुर, कल्पना, रितु दीप, सुदानी, पिंकी सोनी, लीलावती बंछोर, सुशीला सिंदुर, मनोज कुमार, विनोद जोसप,अमर दीप, भारत कुमार, प्रवीण, नवीन,संतोष, गंगा प्रसाद, जितेन्द्र, हुकुम दीप, पुरषोत्तम,करण कुमार समेत अन्य लोग भी मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति और खेल का संगम



**भिलाई।** नगर पालिक निगम रिसाली के स्टेशन मरोदा वार्ड-20 में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक रहे। कार्यक्रम का संयोजन 'वैकुंठ धाम विकास समिति, नेवई-मरोदा' द्वारा किया गया, जबकि संरक्षक समाजसेवी शत्रुघन धनकर रहे। शहीद को नमन और चौक का नामकरण कार्यक्रम की शुरुआत वीर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा के अनावरण के साथ हुई।

इस दौरान वार्ड क्रमांक 20 शंकर पारा, स्टेशन मरोदा के पार्षद चंद्रप्रकाश सिंह (निगम सिंह) के नए जनसंपर्क कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक ने पार्षद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह नया कार्यालय जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर पार्षद धर्मेंद्र भगत, सोनिया देवांगन, डोमन सर्वा, नन्द किशोर सिंह, माला सिंह, विद्या देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस पर दुर्ग में कांग्रेसियों ने फहराया तिरंगा



**दुर्ग।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर दुर्ग शहर में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का भव्य दृश्य देखने को मिला। दुर्ग के पूर्व विधायक एवं प्रदेश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने परंपरागत रूप से शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया। उन्होंने गांधी चौक, राजीव भवन, गांधी प्रतिमा स्थल, दुर्ग, बरईपारा स्थित काली मंदिर, साईं द्वार, दुर्ग रोडवेज, शक्ति नगर, बम्लेश्वरी कॉलोनी, महालक्ष्मी मार्केट, पुलगांव में क्रमवार रूप से वोरा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार, पूर्व महापौर आर. एन. वर्मा, कमल रुंगटा, देवेंद्र देशमुख, ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, फतेह भाटिया, भोला महोबिया, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहे।

## महाराणा प्रताप भवन सेक्टर 7 में किया गया ध्वजारोहण

**भिलाई।** महाराणा प्रताप भवन परिसर सेक्टर 7 में क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई नगर के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने सुबह ध्वजारोहण किया एवं उपस्थित जनों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी।



## श्रीराम जन्मोत्सव समिति के मनीष पाण्डेय ने स्कूलों में किया ध्वजारोहण



**भिलाई।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष व भाजपा नेता मनीष पाण्डेय ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस्पात नगरी के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मनीष पाण्डेय ने स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल सेक्टर 6, पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर 11 खुर्सीपार में ध्वजारोहण कर बच्चों से मिलकर उन्हें प्रोत्साहित किया।

उन्होंने उपस्थितजनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत का संविधान हमारी लोकतांत्रिक आस्था, समानता और सामाजिक न्याय का मजबूत आधार है। आज हम देश के गणतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। इसके पीछे उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का बलिदान है, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलाई, तथा उन संविधान निर्माताओं का अमूल्य योगदान है, जिन्होंने संविधान के माध्यम से भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बनाया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### जयंती स्टेडियम में मुख्य समारोह में मार्चपास्ट के साथ जगाया देशभक्ति का जज्बा

# इस्पात नगरी में गणतंत्र दिवस की धूम, हजारों जवानों व बच्चों की परेड व सांस्कृतिक प्रस्तुति के बीच फहरा तिरंगा

कार्नर न्यूज

भिलाई। इस्पात नगरी में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। शहीद वीरनारायण सिंह, जयंती स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर लोगों को संबोधित किया। सीआईएसएफ जवानों का मार्चपास्ट और विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। जयंती स्टेडियम में हुए मुख्य समारोह में निदेशक प्रभारी महापात्र के साथ विशेष अतिथि सीआईएसएफ के उपमहानिरीक्षक नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया। महिला कमाण्डो सहित सीआईएसफ, अग्निशमन दस्ते, भिलाई विद्यालय, सेक्टर 2 से एनसीसी आर्मी विंग की महिला, पुरुष टुकड़ियां, बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर10 और सेक्टर 7 की एनसीसी एयर विंग, बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 7 से कब–बुलबुल, तथा सेल एथलेटिक्स अकादमी के राष्ट्रीय स्तर पर विजेता खिलाड़ियों की टुकड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प किया गया। कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती, प्रवीन निगम, पवन कुमार, पीके सरकार, राकेश कुमार, सीएमएलओ कमल भास्कर तथा अरुण कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, महाप्रबंधक, तथा संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त सेफी चेयरमैन एवं ओए–बीएसपी के अध्यक्ष एनके बंछोर, महासचिव अंकुर मिश्रा, सीआईएसएफ के अधिकारी उपस्थित थे।



## महापात्र ने शहीदों को किया याद

समारोह में निदेशक प्रभारी महापात्र ने स्वतंत्रता आंदोलन के महान शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों, संविधान निर्माताओं, भारत को सशक्त गणतंत्र बनाने में योगदान देने वाले वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी से सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने का आह्वान किया।



## करतब और सांस्कृति प्रस्तुति से किया सभी को मुग्ध

समारोह के दौरान भिलाई के विभिन्न विद्यालयों के 1,028 छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिम्नास्टिक खिलाड़ियों की अद्भुत कलाबाज़ी और जिम्नास्टिक प्रस्तुति समारोह का आकर्षण रही। निदेशक प्रभारीचित्त रंजन महापात्र ने मार्च पास्ट में प्रतिभागी दलों के प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों को सम्मानित किया। जयंती स्टेडियम में आयोजित समारोह का संचालन क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के सुप्रियो सेन तथा सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर पूनम सिंह ने किया। गणतंत्र दिवस पर भिलाई महिला समाज की उपाध्यक्ष मोली चक्रवर्ती ने ध्वजारोहण एवं मरीजों को फल वितरित किए। डॉ. विनीता द्विवेदी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर व डॉ. उदय कुमार उपस्थित थे। इस्पात भवन में कार्यपालक निदेशक प्रवीन निगम, एक्सपांशन भवन में प्रबीर कुमार सरकार, एलएंडडी सेंटर में पवन कुमार, रिफ्रेक्ट्री स्टोर में एके चक्रवर्ती, संयंत्र भवन में राकेश कुमार, सी ई जेड कॉम्प्लेक्स में कमल भास्कर, नगर सेवाएं विभाग में अरुण कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

सिटी स्पोर्ट्स

## राष्ट्रीय म्यूथाई में छत्तीसगढ़ को एक स्वर्ण सहित 8 पदक



**रायपुर।** तेलंगाना एमेच्योर म्यूथाई एसोसिएशन द्वारा 7वीं सीनियर राष्ट्रीय म्यूथाई चैंपियनशिप का आयोजन एस एस कन्वेंशन सेन्टर, शम्शाबाद, एयरपोर्ट रोड, हैदराबाद (तेलंगाना) में 22- 25 जनवरी तक किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के 12 खिलाड़ियों में से 06 खिलाड़ियों ने 01 स्वर्ण, 03 रजत और 04 काँस्य सहित कुल 08 पदक जीत कर राज्य को गौरवान्वित किया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू एवँ महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि उक्त राष्ट्रीय म्यूथाई चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ को एक मात्र स्वर्ण पदक दंतेवाड़ा की टिकेश्वरी साहू और रायपुर के शुभम कुमार निषाद की टीम ने मिक्स माय म्यूए इवेन्ट में जीता।

उन्होंने बताया कि चैंपियनशिप में खेल एवँ युवा कल्याण विभाग, दंतेवाडा की कोच टिकेश्वरी साहू ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक काँस्य पदक जीते वही रायपुर के शुभम कुमार निषाद ने एक स्वर्ण और एक काँस्य पदक जीते। उक्त सीनियर राष्ट्रीय म्यूथाई चैंपियनशिप में भाग लेने छत्तीसगढ़ का 17 सदस्यीय दल हैदराबाद हेतु गया था जिसमे 04 महिला और 08 पुरूष खिलाड़ी, 02 निर्णायक गण और 03 अधिकारी शामिल थे। इस चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर आगामी अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई चैंपियनशिप दिसंबर 2026 में आयोजित आगामी एशियन इंडोर एवँ मार्शल आर्ट्स गेम्स तथा राष्ट्रीय खेल 2027 मेघालय हेतु पात्र खिलाड़ियों का चयन भी किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के पदक विजेताओं में दिव्या अग्रवाल (रायपुर) रजत पदक, वाणी (बालोद)- रजत पदक, टिकेश्वरी साहू (खेल एवँ युवा कल्याण विभाग, दंतेवाडा) स्वर्ण पदक ,रजत पदक, काँस्य पदक, रजत पदक, पुरुष वर्ग में शुभम कुमार निषाद (रायपुर) स्वर्ण पदक ,काँस्य पदक, विद्या कुमार सोनी (रायपुर) - काँस्य पदक, अनुभव राय (रायपुर), काँस्य पदक, इनके अलावा छत्तीसगढ़ दल में शामिल अन्य छह खिलाड़ी डॉली वर्मा, आर्यन पटेल, अमरजीत सिंह, जय कुमार, पारस सावरकर एवँ प्रवीण साहू (सभी विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी रायपुर) क्वार्टर फाइनल में हारकर पदक की दौड़ से बाहर हो गए। उपरोक्त खिलाड़ियों में 10 खिलाड़ी विवेकानंद मार्शल आर्ट्स एकेडमी रायपुर के है जिसके संचालक अमन यादव है एक खिलाड़ी बालोद और एक खिलाड़ी दंतेवाडा से है। उक्त चैंपियनशिप में निर्णायक के रूप में हरबंश कौर एवँ प्रणव शंकर साहू (दोनो बालोद) ने उम्दा सहयोग किया। यूएमएआई एग्जीक्यूटिव बोर्ड एवँ स्टेट ऑफिशियल के रूप में लखन कुमार साहू (बालोद), अनीस मेमन (रायपुर) और अमन यादव (रायपुर) ने भाग लिया।

## महिला क्रिकेटरों का चयन 29 को



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा वुमेंस अंडर-15 तथा अंडर-19 क्रिकेट का चयन ट्रायल 29 जनवरी गुरुवार को सुबह 8 बजे से आरडीसीए मैदान, तेलीबांधा रायपुर में रखा गया। इसके लिए कट ऑफ अंडर 15 का जन्म एक सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2014 के मध्य और अंडर-19 के लिए एक सितंबर 2007 को या उसके बाद होना चाहिए। जरूरी दस्तावेज में खिलाडी का पंजीयन आवश्यक है। इसके साथ ही पिछले 6 वर्षों की मार्कशीट, खिलाडी का जन्म प्रमाण पत्र (डिजीटल क्यु आर कोड आवश्यक), खिलाडी का पीवीसी आधार कार्ड, नवीनतम फोटो के साथ, खिलाडी का ओरिजनल पैन कार्ड और खिलाडी का बैंक अकांउट ब्यौरा शामिल हैं।

## सीएससीएस मुकाबले जारी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच के पहले दिन शानदार मुकाबले हुए। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम रायपुर ब्लू के विरुद्ध बिलासपुर ने टॉस जीता एवं पहले दिन पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 286 रन बनाए। आर्यन सिंह ने नॉट आउट 75 रन, आदित्य बैडवाल ने 41 रन, आर्यन सिंह ने 38 रन, आदित्य श्रीवास्तव ने 36 रन, गुणवंत अवस्थी ने 29 रन और धनंजय नायक ने 27 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर ब्लू के अगमजोत सिंह ने तीन विकेट, श्रेयांश अग्रवाल, मोहम्मद फैज खान, वेदांत जैन और सागर निषाद ने एक-एक विकेट लिए वहीं एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

### आज शरीर को व्याधियों से दूर करने इसे 'साधना' जरूरी

# 'फुल बॉडी रिसेट' आज ही करा लीजिए, शुगर होगा कंट्रोल और बढ़ते वजन में भी दिखने लगेगा सुधार

अच्छी सेहत पाना क्या वास्तव में कठिन है? जिस तरह से दुनियाभर में कई तरह की बीमारियां बढ़ती जा रहा है, बच्चे भी डायबिटीज और दिल की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं ऐसे में ये सवाल लाजमी हो जाता है। इसपर डॉक्टर्स का जवाब है- नहीं। अगर समय रहते अपनी आदतों, खानपान में सुधार कर लिया जाए तो न सिर्फ शरीर को फिट रखा जा सकता है बल्कि कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों से भी बचाव होता है। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. सौरभ सेठी के अनुसार अगर कोई व्यक्ति सिर्फ दो हफ्ते के लिए चीनी का सेवन बंद कर दे, तो उसके शरीर में दिखने वाले बदलाव चौंकाने वाले हो सकते हैं। चीनी छोड़ने से एनर्जी लेवल में भी सुधार देखा जाता है। शुगर कम करने पर शरीर को स्थिर ऊर्जा मिलती है, नींद की क्वालिटी बेहतर होती है और दिनभर फोकस भी बढ़ता है।



कई अध्ययन इस बात पर जोर देते हैं कि अगर हम सभी सिर्फ अपने आहार में ही सुधार कर लेते हैं तो इससे 40% बीमारियों का खतरा घट सकता है। तेज रफ्तार वाली जिंदगी में हम जाने-अनजाने ऐसी चीजें रोजाना खाते रहते हैं जिनमें चीनी और नमक दोनों की अधिकता होती है। चीनी और नमक का अधिक सेवन मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और हृदय रोग जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ा देता है। हार्वर्ड और एम्स में अपनी सेवाएं दे चुके वरिष्ठ गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. सौरभ सेठी कहते हैं, अगर कुछ दिनों के लिए हम सिर्फ चीनी खाना छोड़ देते हैं तो इससे बॉडी रिसेट होने लगती है और सेहत में तेजी से सुधार होने लग सकता है।



**दो हफ्ते चीनी छोड़ने से बेहतर होने लगती है सेहत:** एक रिपोर्ट में पता चलता है कि किस तरह से स्वास्थ्य विशेषज्ञ पैक्ड जूस और एनर्जी ड्रिंक्स को सेहत के लिए हानिकारक मानते हैं, क्योंकि इनमें चीनी की मात्रा बहुत अधिक होती है।



इस तरह के मीठे पेय को लिवर डैमेज करने वाला बताया गया है। चीनी और इससे बनी चीजें निश्चित रूप से हमारी डाइट का एक जरूरी हिस्सा बन गई है, लेकिन इनका ज्यादा सेवन आपको गंभीर रोगों का शिकार भी बना सकता है। गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. सौरभ सेठी कहते हैं, अगर दो हफ्ते के लिए भी आप अपनी डाइट से शुगर कम कर लेते हैं या चीनी बिल्कुल छोड़ देते हैं तो कुछ ही दिनों में शरीर पर इसका बेहतर असर दिखना शुरू हो जाता है।

**चीनी छोड़ने से क्या-क्या फायदे होते हैं? :** डॉक्टर सेठी बताते हैं, अगर आप सिर्फ दो हफ्ते के लिए चीनी खाना बंद कर देते हैं, तो आपके चेहरे की सूजन कम होने लगती है। इंसुलिन की वजह से होने वाला वॉटर रिटेंशन कम होने लगता है। इतना ही नहीं इंसुलिन में सुधार होने की वजह से आपका पेट भी थोड़ा कम होना महसूस होने लगता है। कुछ ही दिनों में आप अपने वजन में भी गिरावट देख सकते हैं। चीनी छोड़ने से आपके लिवर का बोझ कम होने लगता है, जो फैटी लिवर से बचाव के लिए बहुत जरूरी है। लो शुगर डाइट के कारण आपका पाचन भी पहले से बेहतर हो सकता है। आपको गैस और पेट में सूजन की दिक्कत अब कम होने लगती है। हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाली चीजें खाने से मुंहासे और चेहरे की दिक्कतें होती हैं। चीनी छोड़ने के कुछ ही दिनों में आपकी त्वचा भी साफ होने लगेगी।

**कई बीमारियों का घर है चीनी :** डॉक्टर कहते हैं, ज्यादातर लोगों को यह एहसास नहीं होता कि चीनी सिर्फ कैलोरी नहीं बढ़ाती। यह चुपचाप भूख, खाने की इच्छा, इंसुलिन और लिवर फैट सबपर असर डालने लगती है। मैं अपने मरीजों से कहता हूं कि वे बस 14 दिन बिना चीनी के रहने की कोशिश करें, आपके शरीर में कई तरह के सकारात्मक बदलाव होने शुरू हो जाते हैं। शरीर में जमा अतिरिक्त फैट, खासकर पेट के आसपास की चर्बी धीरे-धीरे कम होने लगती है। चीनी छोड़ने से एनर्जी लेवल में भी सुधार देखा जाता है। शुगर कम करने पर शरीर को स्थिर ऊर्जा मिलती है, नींद की क्वालिटी बेहतर होती है और दिनभर फोकस भी बढ़ता है।

## प्रीमियर लीग का विजेता बना वन विभाग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ एवं संचालनालयीन शासकीय कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में नवा रायपुर में नवा रायपुर प्रीमियर लीग (एनपीएल) का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संचालनालय, मंत्रालय, निगम, बोर्ड एवं आयोगों में कार्यरत



अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नवीन मार्कण्डेय (पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री) ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएँ शासकीय सेवकों को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करती हैं। स्वागत भाषण संयोजक कमल वर्मा ने दिया। क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रभारी संतोष कुमार वर्मा ने आभार व्यक्त किया। संचालन देवाशीष दास ने किया।

### फाइनल मैच का रोमांचक विवरण

फाइनल मुकाबला वन विभाग एवं रायपुर विकास प्राधिकरण-11 के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वन विभाग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए। इसमें मनोज ने 63 रन तथा नमन ने 26 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। रायपुर विकास प्राधिकरण-11 की ओर से राजेंद्र ने 17 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रायपुर विकास प्राधिकरण-11 की टीम वन विभाग की घातक गेंदबाजी के सामने मात्र 37 रन पर सिमट गई। वन विभाग की ओर से मनोज ने 5 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट लिए, वहीं यशवंत ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 7 रन देकर 3 विकेट झटके। शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन के लिए मनोज सिंह को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। आयोजन में राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं एनपीएल संयोजक कमल वर्मा, संचालनालय विभागाध्यक्ष कर्मचारी संघ के अध्यक्ष एवं सह-संयोजक जय कुमार साहू, कार्यकारी अध्यक्ष एवं क्रिकेट प्रतियोगिता प्रभारी संतोष कुमार वर्मा सहित देवाशीष दास, सुनील उपाध्याय, लोकेश वर्मा, महेंद्र साहू, आकाश त्रिपाठी, अमित शर्मा, गालव चंद्राकर, सुरेश ढीढी, जगदीप बजाज, अमित चंद्राकर, विष्णु पाटेकर, राघव, रमन साहू आदि मौजूद थे।

## 'भिलाई जिंदाबाद' का फिल्मकार अनुराग बसु ने किया विमोचन



**रायपुर।** इस्पात नगरी भिलाई के लेखक व पत्रकार मुहम्मद जाकिर हुसैन की नई किताब 'भिलाई जिंदाबाद कुछ किस्से कुछ कहानियां' का विमोचन फिल्मकार अनुराग बसु ने रविवार को किया। नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित साहित्य उत्सव के समापन समारोह में अनुराग ने यह विमोचन किया। उन्होंने इस्पात नगरी भिलाई पर आधारित रोचक सामग्री को सराहा और लेखक को अपनी शुभकामनाएं दीं।



## सरगुजा ओलंपिक को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा सरगुजा संभाग में पहली बार सरगुजा ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के लिए निर्धारित पंजीयन अवधि 28 दिसंबर 2025 से 25 जनवरी 2026 तक रखी गई थी, जिसमें सरगुजा संभाग के सभी जिलों, विकासखंडों से खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर पंजीयन कराया।

अब तक 3 लाख 49 हजार ने कराया पंजीयन

अंतिम तिथि तक कुल 3 लाख 49 हजार 370 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया। जिनमें 1 लाख 89 हजार 658 महिला एवं 1 लाख 59 हजार 712 पुरुष खिलाड़ी शामिल हैं। इतनी बड़ी संख्या में पंजीयन क्षेत्र में खेलों के प्रति बढ़ते रुझान एवं जागरूकता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

### प्रतियोगिताओं की समय-सारणी

सरगुजा ओलंपिक 2026 का आयोजन सरगुजा संभाग के सभी जिलों सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया



एवं मनेन्द्र-भरतपुर-चिरमिरी के सभी विकासखंडों में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं 28 जनवरी से 3 फरवरी 2026 के मध्य आयोजित की जाएंगी। जिला मुख्यालयों में 5 फरवरी से 10 फरवरी 2026 के बीच जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। संभाग स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में सम्पन्न होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करना, युवाओं में खेल भावना का विकास करना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। युवाओं, महिलाओं और बच्चों की व्यापक भागीदारी से यह आयोजन एक सशक्त रूप लेता नजर आ रहा है।

### ये खेल होंगे आयोजित:

सरगुजा ओलंपिक के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर एथलेटिक्स , तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराते, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल एवं रस्साकसी खेल शामिल है। हॉकी एवं कुश्ती के खिलाड़ी सीधे जिला स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। प्रशासन द्वारा प्रतियोगिताओं के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। सरगुजा ओलंपिक निश्चित रूप से क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं को नई पहचान देने एवं भविष्य के राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा।

## गीत रहे प्लेयर ऑफ द मैच




**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित अंडर 13 एक दिवसीय क्रिकेटर टूर्नामेंट के अंतर्गत 26 जनवरी को खेले गए मैच में जय हिंद क्रिकेट क्लब रायपुर ने गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी भिलाई को 9 विकेट से पराजित किया। प्लेयर ऑफ द मैच गीत रहे जिन्हें मोहम्मद अलीम एवं आलोक जांगड़े के हाथों पुरस्कृत किया गया।

कार्नर न्यूज

## तमिलनाडु में देश भर की टीमों से होगा मुकाबला

# नेशनल जूनियर बॉल बैडमिंटन के लिए छत्तीसगढ़ टीम तैयार

भिलाई। 70वीं जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन, तमिलनाडु में नमक्कल जिला के एक्सेल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में 28 जनवरी से 1 फरवरी तक किया गया है। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेश और यूनिट की टीम लेगी। प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ बालक एवं बालिका टीम का कोचिंग कैंप, शारदा मंदिर रेलवे खेल मैदान सिरगिट्टी बिलासपुर में 24 जनवरी से 26 जनवरी तक आयोजित किया गया। जिसमें 15 बालक और 15 बालिका खिलाड़ी शामिल हुए। इस कोचिंग कैंप मे शानदार प्रदर्शन करने वाले 10 बालक और 10 बालिका, खिलाड़ियों का चयन किया गया। कोचिंग कैंप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पवन साहू समाजसेवी और अजय यादव वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित रहे।



खिलाड़ी को किट वितरण किया और प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। चयनित खिलाड़ियों में बालक टीम में ओमप्रकाश ध्रुव (कप्तान), हिमांशु तिवारी, डोमेश साहू (तीनो महासमुंद), गौरव दास मानिकपुरी, जैद खान (दोनों भिलाई स्टील प्लांट), राज पटेल, राजकुमार यादव (दोनों बलोदाबाजार), जैक तिग्गा (बिलासपुर), रितेश साहू (रायगढ़ ), त्रिलोक यादव (धमतरी), कोच-राहुल यादव (बिलासपुर), मैनेजर-बम्लेश्वर पटेल (बलौदाबाजार) बालिका टीम-चेतना साहू (कप्तान), पलक सिद्धिकी (दोनों भिलाई स्टील प्लांट), शेष कुमार, हेमलता यादव (दोनों धमतरी), आराध्या मसीह (बिलासपुर), रुक्मणि साहू, दामनी कहार, हिना चक्रधारी (तीनो महासमुंद), फेरीना फेकर, नंदनी साहू (दोनों बलौदाबाजार), कोच एम.रवि राव (बिलासपुर), मैनेजर- पुष्पलता यादव (बिलासपुर ) शामिल है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ट्रैकसूट प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष इसरार अहमद खान, महासचिव - वाए. राजा राव, कोषाध्यक्ष - श्यामल बनर्जी, अंकित लुनिया, सूरज नायक, गोपाल साहू और चिंतामणि सहित सभी पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है।

## बीएसपी की बैडमिंटन टीम तैयार, दुर्गापुर में उतरेगी मुकाबले में



दुर्गापुर स्टील प्लांट के द्वारा सेल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन 28 जनवरी से 31 जनवरी तक दुर्गापुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में सेल के अंतर्गत आने वाले दुर्गापुर स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट, बोकारो स्टील प्लांट, सेलम स्टील प्लांट, भद्रावती स्टील प्लांट, भिलाई स्टील प्लांट और सेल कॉरपोरेट ऑफिस नई दिल्ली की टीम भाग ले रही हैं। इस प्रक्रिया में भिलाई स्टील प्लांट की बैडमिंटन टीम भी भाग ले रही है। इस टीम में पुरुष वर्ग में वेद प्रकाश तिवारी, टी बुहरील, कपिल नायडू, विजय भानु और कोच प्रवीण उपाध्याय है। महिला टीम में लता एस पिल्लई और नीता तथा कोच/मैनेजर मोहम्मद सलीम कुरैशी है। इस अवसर पर खेल विभाग के प्रमुख और अर्जुन अवार्ड ओलंपियन राजेंद्र प्रसाद उप महाप्रबंधक भिलाई इस्पात संयंत्र तथा अभिजीत भौमिक उप प्रबंधक खेल विभाग ने बीएसपी बैडमिंटन टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मशहूर रैपर कान्ये वेस्ट करेंगे लाइव कॉन्सर्ट, तैयारी जारी



बीते कुछ साल में भारत में लाइव म्यूजिक शोज को लेकर क्रेज बढ़ा है। हमने देसी कलाकारों में दिलजीत दोसांझ से लेकर सुनिधि चौहान, हनी सिंह और करण औजला के लिए स्टेडियम में जनसैलाब देखा है। यही नहीं, जस्टनि बीबर, दुआ लीपा, कोल्डप्ले और एड शीरन जैसे इंटरनेशनल आर्टिस्ट्स के म्यूजिक कॉन्सर्ट में दर्शकों और फैंस की भारी भीड़ उमड़ी है। अब चर्चा है कि ग्लोबल रैप सुपरस्टार कान्ये वेस्ट भारत आ रहे हैं। जी हां, बताया जाता है कि अप्रैल 2026 में वह अपना पहला इंडिया टूर लाने वाले हैं। हालांकि, अभी तारीखों और शहरों की पुष्टि नहीं है, लेकिन दावा किया गया है कि 24 ग्रैमी अवॉर्ड अपने नाम कर चुके कान्ये अपना पहला परफॉर्मेंस-बेस्ड इंडिया टूर प्लान कर रहे हैं। 'पिंकविला' की रिपोर्ट के मुताबिक, कान्ये वेस्ट भारत में अपना कॉन्सर्ट डेब्यू करेंगे। मॉडर्न म्यूजिक के साउंडस्केप को बदलने के लिए पहचाने जाने वाले कान्ये को 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम रैपर' कहा जाता है। 'आई वंडर', 'गोल्ड डिगर', 'रनअवे' और 'हार्टलेस' के लिए मशहूर कान्ये उन सेलेब्स में से हैं, जो अपने काम के साथ ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहते हैं।

अटलांटा में पैदा हुए 48 साल के कान्ये वेस्ट ने अपने प्रोडक्शन करियर की शुरुआत 1990 के दशक में की थी। उन्होंने शिकागो के उभरते हुए लोकल कलाकारों के लिए बीट्स बनाए। महज 19 साल की उम्र में उन्हें अपना पहला ऑफिशियल प्रोडक्शन क्रेडिट मिला।

### टॉलीवुड

## गीतकार पर महिला ने फेंकी चप्पल अफरा-तफरी के बाद रुका इवेंट



तिरुप्पुर के एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध तमिल गीतकार वैरामुथु आए थे और वहां उनके साथ कुछ ऐसा हुआ जिसने सुरक्षा व्यवस्था और लोगों की मानसिकता पर सवाल उठा दिया है। भीड़ से एक महिला ने उनके ऊपर चप्पल फेंकी, जिससे चारो तरफ अफरा-तफरी मच गई।

तिरुप्पुर में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम अचानक उथल-पुथल का कारण बन गया, जिससे कई लोग दंग रह गए। प्रसिद्ध तमिल गीतकार वैरामुथु की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में अफरा-तफरी मच गई, जब किसी ने उनके ऊपर चप्पल फेंकी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और पता लगाया कि ऐसा किसने और क्यों किया।

यह घटना जिला कलेक्टर कार्यालय में कोंगू कला, साहित्य और सांस्कृतिक महासंघ के उद्घाटन के दौरान घटी। वैरामुथु गेस्ट के तौर पर आए थे, तभी एक महिला ने अचानक उनकी ओर चप्पल फेंक दी। चप्पल गीतकार को लगी नहीं और किसी को चोट नहीं आई, लेकिन वह दर्शकों के बीच जा गिरी, जिससे वहां मौजूद लोग चौंक गए और अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों ने बताया कि स्थिति को लगभग तुरंत ही कंट्रोल में लिया गया। जगह पर तैनात पुलिसकर्मियों ने जांच शुरू कर दी, उस महिला की पहचान की गई और घटना को और बढ़ने से रोका। वकीलों, फेमस हस्तियों और बाकी लोगों की सुरक्षा को संभालने के लिए इवेंट को थोड़ी देर के लिए रोका गया। आगे की जानकारी से पता चला कि लगभग 45 वर्षीय महिला एक अनसुलझी शिकायत को लेकर कलेक्ट्रेट में धरना दे रही थी। घटना के समय वैरामुथु कलेक्टर कार्यालय के पास जा रहे थे, तभी चप्पल फेंकी गई। अधिकारियों ने बताया कि महिला का कलेक्ट्रेट और अदालत के पास अशांति फैलाने का पुराना इतिहास है। पुलिस ने यह भी बताया कि महिला कथित तौर पर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी।

### भोजपुरी

## पवन ने रिलीज किया 'मगध पुत्र' का ट्रेलर, एक्शन का तड़का दर्शकों के लिए



पावर स्टार पवन सिंह ने हाल ही में पटना में 'मगध पुत्र' फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया। उन्होंने फिल्म और हीरो गुंजन सिंह की भी जमकर तारीफ की है। ये भी कहा कि इस तरह की फिल्में भोजपुरी सिनेमा की असली पहचान को मजबूत करती हैं। भोजपुरी सिनेमा की अपकमिंग मूवी 'मगध पुत्र' का ट्रेलर पटना में पावर स्टार पवन सिंह के हाथों रिलीज किया गया। रिलीज होते ही ये इंटरनेट पर छा गया है। ये फिल्म युवा पीढ़ी की सोच, संघर्ष और समाज की कुरीतियों से ऊपर उठकर आगे बढ़ने की जिद को बड़े पर्दे पर प्रभावशाली तरीके से पेश करती है। ट्रेलर में एक्शन, इमोशन और दमदार डायलॉग की झलक ने साफ कर दिया है कि फिल्म मनोरंजन के साथ-साथ एक मजबूत संदेश भी देने वाली है। पावर स्टार पवन सिंह ने मंच से फिल्म और इसके हीरो गुंजन सिंह की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि 'मगध पुत्र' जैसी फिल्में भोजपुरी सिनेमा की असली पहचान को मजबूत करती हैं, क्योंकि इनमें बिहार की मिट्टी, इतिहास और स्वाभिमान की खुशबू बसती है। पवन सिंह ने गुंजन सिंह को एक बेहतरीन गायक के साथ-साथ प्रतिभाशाली एक्टर बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने अभिनय से लगातार दर्शकों का दिल जीता है। पवन सिंह ने यह भी कहा कि ट्रेलर बेहद प्रभावशाली है और यह दर्शकों को कहानी से भावनात्मक रूप से जोड़ने में सफल रहेगा। उन्होंने पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। उनके इस समर्थन से न सिर्फ फिल्म की टीम का हौसला बढ़ा, बल्कि वहां मौजूद फैंस में भी जबरदस्त जोश देखने को मिला।

## लाइफ स्टाइल

हो सकता है आप अभी सर्दियों के आराम वाले मूड में हों, लेकिन 2026 के स्प्रिंग/समर ट्रेंड आपके होश उड़ा सकते हैं। अब, डिज़ाइनर अपनी दिशा बदल रहे हैं, नीले रंग के सरप्राइज़िंग शेड्स और कॉस्ट्यूम और थिएटर वाले बैंड जैकेट के साथ अप्रत्याशित तरीकों से सामने आ रहे हैं। दूसरी जगहों पर, चीज़ें टेक्निकल फैब्रिक और सर्फ से मिलते-जुलते शेप के साथ पानी की तरफ जा रही हैं। अब किसी एक ट्रेंड को अपनाना नहीं बल्कि आइडिया का एक मिक्स है जिसे पहना जाना है।



सरप्राइज़िंग शेड्स

## जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर बन सकता है मुसीबत



अपनी स्किन की जरूरतों के अनुसार आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन जब आप जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर अप्लाई करते हैं तो इससे आपकी स्किन को कुछ नुकसान भी उठाने पड़ सकते हैं। अगर आप अपनी स्किन को हाइड्रेट करने के चक्कर में जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे आपकी स्किन के पोर्स क्लॉग हो सकते हैं। चूंकि विंटर में हम सभी थिक मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं तो ऐसे में यह संभावना और भी ज्यादा बढ़ जाती है। अगर आप ऐसे मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें कॉमेडोजेनिक इंग्रीडिएंट्स हैं तो ऐसे में आपको ब्रेकआउट्स व अन्य स्किन प्रोब्लम्स हो सकती हैं। आजकल मार्केट में मिलने वाली अच्छी क्वालिटी के ब्रांडेड प्रोडक्ट काफी महंगे होते हैं। ऐसे में जब आप जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं तो इस तरह आप अपने प्रोडक्ट को ही बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे में आपकी जेब पर भी अतिरिक्त जोर पड़ता है। हमेशा ध्यान रखें कि आपकी स्किन केवल एक निश्चित मात्रा तक ही मॉइश्चराइजर को अब्जॉर्ब कर सकती है। अगर आप उससे अधिक मॉइश्चराइजर लगाते हैं तो यह पूरी तरह से वेस्ट हो जाएगा। कई बार हम सोचते हैं कि ठंड में स्किन बहुत अधिक रूखी है तो ऐसे में बहुत अधिक मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे स्किन आसानी से अब्जॉर्ब कर लेगी। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। जब आप बहुत अधिक मॉइश्चराइजर लगाते हैं तो इससे आपकी स्किन अधिक चिकनी व चिपचिपी महसूस हो सकती है। इससे आपको अनकंफर्टेबल भी फील हो सकता है। अगर आप फेस पर अधिक मॉइश्चराइजर लगाते हैं तो इससे आपको मेकअप करने में भी परेशानी आ सकती है।

त्वचा को मॉइस्चराइज करना जरूरी है, लेकिन जरूरत से ज्यादा मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल रोमछिद्रों को बंद कर सकता है। इससे मुंहासे, त्वचा में सूजन, चिपचिपाहट और मृत कोशिकाओं के जमा होने से त्वचा बेजान हो सकती है। दिन में दो बार से अधिक उपयोग करने से त्वचा अपनी प्राकृतिक नमी खो सकती है, जिससे वह अधिक रूखी हो सकती है।

### अत्यधिक मॉइस्चराइजिंग के नुकसान

बंद रोमछिद्र और मुहांसेः ज्यादा क्रीम लगाने से रोमछिद्र बंद हो जाते हैं, जिससे पिंपल्स और छोटी फुंसियां हो सकती हैं। बेजान त्वचा के मामले में यह त्वचा की प्राकृतिक नमी पैदा करने की क्षमता को कम कर देता है, जिससे त्वचा सुस्त और कमजोर पड़ सकती है। त्वचा की निर्भरता में त्वचा बाहरी मॉइस्चराइजर पर निर्भर हो सकती है, जिससे प्राकृतिक रूप से हाइड्रेट होने की क्षमता कम हो जाती है। पिलिंग में त्वचा की क्षमता से ज्यादा उत्पाद लगाने पर वह अवशोषित नहीं होता और ऊपरी परत पर ही जमने लगता है। त्वचा में जलन में ज्यादा नमी त्वचा की सुरक्षात्मक परत को नुकसान पहुंचा सकती है।

## सर्दियों में साड़ी पहनते समय अपनाएं ये ट्रिक्स, नहीं लगेगी ठंड







सर्दियां शुरू हो गयी है। सर्दियां लगभग सबको पसंद होती है। इस मौसम में शादी पार्टी का मज़ा ही कुछ और होता है लेकिन ज्यादा ठंड महिलाओं के लिए मुसीबत बन जाती हैं क्योंकि सर्दी के मौसम में महिलाएं शादी के मौके पर खुद को स्टाइल नहीं कर पातीं। दरअसल, महिलाएं महंगे और स्टाइलिश एथनिक या पार्टी वियर कपड़े पहनती हैं लेकिन ठंड बढ़ने के कारण उन्हें स्वेटर या कोट आदि को ऊपर से कैरी करना पड़ता है। ऐसे में उनकी खूबसूरत ड्रेस स्वेटर के नीचे छिप जाती है। इसके अलावा अगर वह विंटर वियर नहीं पहनती तो ठंड और ठिठुरन से परेशान रहती हैं। ऐसे में सारा फैशन बेकार हो जाता है। इसलिए सर्दियों में किसी कार्यक्रम पर साड़ी पहनने वाली महिलाओं को फैशन के मामले में सबसे अधिक परेशानी होती है। आज हम आपको सर्दियों में शादी सीजन के लिए कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताएंगे, जिसे आजमा कर आप साड़ी को स्टाइलिश तरीके से कैरी कर सकती हैं और आपको ठंड से भी बच सकती हैं। तो चलिए जानते हैं सर्दियों में बिना स्वेटर के साड़ी पहनने के टिप्स और ट्रिक्स।

सर्दी के मौसम में साड़ी पहन रही हैं तो ऐसा फैब्रिक चुने तो मोटा हो। जैसे आप वेलवेट के कपड़े की साड़ी पहन सकती हैं। इस तरह की साड़ियां ठंड से बचाने में आपकी मदद करती हैं।

### फुल स्लीव्स ब्लाउज पहनें

ठंड से बचने के लिए आप ब्लाउज स्टाइल का चयन करते समय ध्यान रखें कि ब्लाउज फुल स्लीव्स के हों। फुल स्लीव्स ब्लाउज फैशन के मुताबिक भी ट्रेंड में हैं। कई मौकों पर अभिनेत्रियों को पूरे बाजू वाले ब्लाउज में देखा जा चुका है।

### लांग ब्लाउज कैरी करें

साड़ी के साथ लॉन्ग ब्लाउज भी पहन सकती हैं। लॉन्ग ब्लाउज का फैशन हमेशा रहता है। इस तरह के ब्लाउज के नीचे आप इनर या बॉडी वार्मर पहन सकती हैं।

## ऑयली स्किन का ख्याल रखने के लिए ऐसे करें ग्रीन टी का इस्तेमाल



अगर आपकी स्किन ऑयली है तो ऐसे में ग्रीन टी स्टीम फेशियल यकीनन एक अच्छा विचार है। यह आपकी स्किन की गंदगी को दूर करने के साथ-साथ अतिरिक्त ऑयल को मैनेज करने में मदद करता है। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो अपनी स्किन से अतिरिक्त ऑयल को हटाने और डेड स्किन सेल्स को रिमूव करने के लिए आप स्क्रब बनाएं। सबसे पहले आधा कप पानी लेकर उसे गर्म करें। अब इसमें ग्रीन टी बैग डालकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। अब आप एक कटोरी में चावल का आटा और ग्रीन टी को डालकर मिक्स करें। अब आप अपने फेस को क्लीन करके तैयार स्क्रब को फेस पर लगाएं। हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में मसाज करें और फिर दस मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में, पानी की मदद से अपनी स्किन को क्लीन कर दें। ग्रीन टी की मदद से फेस मास्क बनाकर भी आप अपनी ऑयली स्किन को पैम्पर कर सकती हैं। सबसे पहले गर्म पानी में ग्रीन टी बैग डालकर टी तैयार कर लें। अब ग्रीन टी को ठंडा होने दें। अब इसमें क्ले जैसे बेंटोनाइट या काओलिन क्ले को मिक्स करें। ठंड के दिनों में आप मास्क में थोड़ा सा शहद भी मिलाएं। अब अपने फेस को क्लीन करके तैयार मास्क को लगाएं। करीबन 15 मिनट बाद गुनगुने पानी से चेहरा वॉश कर लें।

## बेहद खास हैं मेकअप लुक्स, आप भी कर सकते हैं क्रिएट



मेकअप करने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन टाइप का खास ध्यान रखें और फिर अपने लिए बेस्ट लुक को चूज करें। मेकअप करना हम सभी को काफी पसंद होता है और इसके लिए हम रोजाना मेकअप करके ऑफिस या फिर कहीं बाहर घूमने निकलते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि हम किसी पार्टी में जाने के लिए तैयार होते हैं और उसके लिए बॉलीवुड की अलग-अलग एक्ट्रेस के मेकअप लुक्स को रीक्रिएट करते हैं, ताकि इन एक्ट्रेस की तरह हम भी खूबसूरत नजर आए। शहनाज गिल को भी काफी लोग पसंद करते हैं इसलिए जब भी वो सोशल मीडिया पर कोई पोस्ट शेयर करती हैं तो उसे देखना जरूर पसंद करते हैं।

### ग्लॉसी मेकअप लुक

नाइट पार्टी में जाना हम सभी को काफी पसंद होता है। इसके लिए आप एक्ट्रेस शहनाज गिल के इस गोल्ड ग्लिटर मेकअप लुक को क्रिएट कर सकती हैं। इससे स्किन ग्लॉसी और शाइनी लगती है साथ ही एक अलग सी चमक नजर आती है। इसके लिए आपको बेस को गोल्ड में रखना होगा और आंखों को ग्लिटर से हाइलाइट। लिपस्टिक में आप लाइट न्यूड ब्राउन शेड चूज कर सकती हैं। शहनाज गिल के इस मेकअप लुक को क्रिएट किया गया है। आप इसे घर पर रखे मेकअप प्रोडक्ट के इस्तेमाल से मिनटों में क्रिएट कर सकती हैं।

### बोल्ड रेड मेकअप लुक

अगर आपको रेड कलर पसंद है या फिर आप शहनाज गिल की तरह इस तरीके के आउटफिट्स को (शहनाज गिल के हेयर स्टाइल) स्टाइल कर रही हैं तो ऐसे में आप बोल्ड रेड मेकअप लुक को क्रिएट कर सकती हैं। इसमें उन्होंने बोल्ड लिप्स के साथ इस लुक को क्रिएट किया है। जिसमें बेस को नॉर्मल रखा गया है बस आंखों पर लाइट रेड शेड और लिप्स पर डार्क रेड लिपस्टिक का इस्तेमाल किया गया है। इससे ये लुक और ज्यादा स्टाइलिश लग रहा है। इस लुक को मेकअप आर्टिस्ट द्वारा क्रिएट किया गया है। आप अपने घर पर सिंपल रेड कलर के इस्तेमाल से इसे क्रिएट कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

**नियमित हेयर केयर रूटीन के अलावा कुछ प्रोडक्ट के सपोर्ट की जरूरत है आज**

## आपके बालों की समस्याएं दूर हो सकती है हेयर सीरम से, जानिए इसे लगाने का सही तरीका

बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए नियमित हेयर केयर रूटीन के अलावा कुछ प्रोडक्ट के सपोर्ट की जरूरत भी पड़ती है जैसे, हेयर सीरम। हेयर सीरम बालों की समस्याओं से काफी हद तक आपको बचाने में मदद कर सकता है। इसलिए इस आर्टिकल में मैं बताऊंगा कि हेयर सीरम क्या है? इसके साथ ही आप हेयर सीरम की जरूरत, काम करने, लगाने के तरीके ही हेयर सीरम के फायदों के बारे में भी जान पाएंगे।

### हेयर सीरम कैसे लगायें?

बालों को धोने के बाद गीले बालों पर लगाएं, बालों को ब्लो ड्राई करने से पहले लगाएं, हेयर सीरम को ऑयली स्कैल्प पर न लगाएं , हेयर सीरम को ज्यादा न लगाएं, बिना धुले बालों पर न लगाएं

### बाल क्यों टूटते हैं?

बालों के टूटने का कारण जानने से पहले बालों की संरचना के बारे में जानना भी जरूरी है। बाल के हर रेशे के भीतर 3 परतें होती हैं। क्यूटिकल, मेडुला कॉरटेक्स

पर्यावरण के प्रभावों और ज्यादा गर्मी में



रहने के कारण बालों की सबसे बाहरी परत यानी क्यूटिकल को नुकसान पहुंचता है। क्यूटिकल को नुकसान पहुंचते ही भीतरी परत मेडुला बाहर निकल आती है। इसकी वजह से बालों में रूखे होकर टूटने, दोमुंह बालों, उलझने और टूटने की समस्याएं शुरू हो जाती हैं।

### हेयर सीरम क्या है?

हेयर सीरम एक लिक्विड बेस्ड ट्रीटमेंट है, जिसे आमतौर पर ऑयल और सिलिकॉन्स से बनाया जाता है। तेल और सिलिकॉन मिलकर बालों के ऊपर एक सुरक्षा परत बना लेते हैं, जिससे बालों को उलझने से बचाया जा सकता है। इसके इस्तेमाल से बाल मुलायम, चिकने और चमकदार रहते हैं।

### हेयर सीरम की जरूरत क्यों पड़ती है?

सीरम को बालों पर उन्हें धोने के बाद लगाया जाता है। इसे किसी भी स्टाइलिंग प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से पहले लगाया जाता है। शैंपू और कंडीशनर की तरह, ये पूरे दिन बालों में बना रहता है। इसके अलावा, ज्यादातर हेयर ऑयल की तरह ही सीरम को स्कैल्प पर नहीं लगाया जाता है बल्कि उन्हें बालों की लंबाई में लगाया जाता है। लोगों में एक गलतफहमी ये भी है कि हेयर सीरम असल में बालों को स्टाइल करने वाला प्रोडक्ट है। जबकि वास्तविकता में, सीरम हेयर केयर रूटीन में इस्तेमाल होने वाले दो अन्य प्रोडक्ट यानी कि शैंपू और कंडीशनर से भी ज्यादा महत्वपूर्ण है। इसलिए ये मानना बंद कर दीजिए कि हेयर सीरम कोई स्टाइलिंग प्रोडक्ट है।

### पुरुषों की हेयर केयर की समस्याएं

इन दिनों ज्यादातर पुरुषों को हेयर केयर में जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उनमें शामिल हैं, रूखे और बेजान बाल,दोमुंहे बाल,टूटते हुए बाल,रूखे बाल, बहुत उलझे हुए बाल ,बेजान बाल, बालों में नमी की कमी आदि। ये सभी बालों के टूटने और हेयर डैमेज के शुरुआती लक्षण भी माने जाते हैं।

### हेयर डैमेज का कारण क्या है?

हेयर डैमेज के सामान्य कारणों में, पर्यावरणीय फैक्टर्स जैसे प्रदूषण,बहुत ज्यादा धूप में रहना, हार्ड वॉटर, धूल-मिट्टी आदि को शामिल किया जा सकता है। इसके साथ ही, सैलून में बालों में केमिकल बेस्ड ट्रीटमेंट लेने से, ब्लो ड्राई करने से, हेयर स्ट्रेट करवाने से भी हेयर डैमेज की समस्या हो सकती है।

